



# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, गुरुवार 23 अक्टूबर 2025





### विदेशी बाजारों में नरमी से गिरावट, आज देश में दिखेगा असर

# सोना 5 दिन में 5677 रुपए गिरा, चांदी 25 हजार सस्ती, टूटा 12 सालों का रिकॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

*विदेशी बाजारों में नरमी और मुनाफावसूली के चलते सोने और चांदी की कीमतों में तेज गिरावट आई है। सोना अपने ऑल टाइम हाई से 5,677 रुपए और चांदी भी रिकॉर्ड हाई से 25,599 रुपए सस्ती हो गई है। सोना लुढ़ककर 1,23,907 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया, जबकि चांदी गिरकर 1,52,501 रुपए प्रति किलो बोली गई। निवेशकों को सतर्क रहने और धीरे-धीरे निवेश करने की सलाह दी गई है।*

अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोने की कीमतों में बुधवार को गिरावट जारी रही। पिछले दिन पांच साल में सबसे बड़ी एकदिनी बिकवाली के बाद ऐसा हुआ। मंगलवार को सोना 5% से ज्यादा लुढ़का था, जो अगस्त 2020 के बाद सबसे तेज गिरावट थी। सिर्फ 5 दिनों में (17 अक्टूबर से 22 अक्टूबर) सोने की कीमतें लगभग 5,677 रुपए प्रति यूनिट तक गिर चुकी हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार सोना 22 अक्टूबर को 24 कैरेट सोने का दाम 3,726 रुपए घटकर 1,23,907 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। चांदी के दाम आज 10,549 रुपए घटकर 1,52,501 रुपए प्रति किलो पर आ गए हैं। बता दें कि सोना अपने ऑल टाइम हाई से 5,677 रुपए और चांदी भी रिकॉर्ड हाई से 25,599 रुपए सस्ती हो गई है। मंगलवार को सोने में 5 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई, जो पांच साल में एक ही दिन में आई सबसे बड़ी गिरावट रही। यह अगस्त 2020 के बाद की सोने में सबसे बड़ी गिरावट है।

## निवेशकों को सतर्क रहने और धीरे-धीरे निवेश करने की सलाह

### शादी ब्याह के लिए खरीदारी

इस बीच सोने और चांदी के कीमतों में गिरावट आने से सोने की खरीदारी एक बार फिर देखने को मिल रही है। आगामी शादी ब्याह के मौसम के लिए लोगों ने इस गिरावट का फायदा उठाया है। कोठारी बद्रर्स के एम कोठारी कहते हैं कि घरेलू बाजार में सोने और चांदी की सप्लाई लंदन बैंक से होती है। यह धनतेरस और दिवाली से पहले थोड़ी रुक गई थी, जिसकी वजह से सोने और चांदी की कीमतों में वृद्धि देखी गई। लेकिन अब सप्लाई सामान्य हो गई है, जिसकी वजह से कीमतों में गिरावट भी आई है। इसके बाद शादी ब्याह को लेकर आभूषण की खरीदारी बाजारों में हो रही। कोठारी कहते हैं, ग्राहक कीमतों में आई गिरावट का फायदा उठा रहे हैं। उम्मीद है कि इस दौरान आभूषण की बिक्री में 10 से 15 प्रतिशत बढ़ सकती है।



### सोने में लंबी अवधि में तेजी आ सकती है

जानकार कहते हैं, मौजूदा समय को देखते हुए लगता है कि अगर फेडरल रिजर्व की आगामी ब्याज दरों में कटौती करती है, भू-राजनीतिक जोखिम एक बार फिर से बढ़ते हैं, तो सोने में दोबारा तेजी आ सकती है, इसलिए गिरावट पर शादी ब्याह के लिए खरीदारी का अच्छा अवसर है। वहीं निवेशकों को एक अनुशासित दृष्टिकोण के साथ अपने निवेशक पोर्टफोलियों में विविधता लाने की जरूरत है।

### भारतीय बाजार में आज दिखेगा असर

इस गिरावट का आज भारतीय बाजार में असर नहीं दिख रहा है, व योंकि मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज यानी एमसीएक्स आज दिवाली-बलिप्रतिपदा के मौके पर बंद है यानी घरेलू बाजार ने अभी तक वैश्विक बिकवाली का कोई असर नहीं दिखाया है। 23 अक टूबर को जब फिर से एमसीएक्स खुलेगा तो सोना और चांदी के दाम में गिरावट दिख सकती है। हालांकि गिरावट कितनी होगी? ये कहना मुश्किल है।

### एक्सपर्ट व्यू

#### अनुशासित दृष्टिकोण अपनाएं निवेशक


मैक्सवेल ने निवेशकों को सलाह दी कि वे अनुशासित दृष्टिकोण अपनाएं। निवेशकों को धीरे-धीरे पोजीशन लेनी चाहिए, जैसे कि डॉलर-कॉस्ट एवरेजिंग का इस्तेमाल करके। इसका मतलब है कि नियमित अंतराल पर एक निश्चित राशि का निवेश करना, चाहे बाजार की कीमतें कुछ भी हों। इससे बाजार की अस्थिरता के प्रभाव को कम करने में मदद मिलती है। इसके अलावा, उन्हें विभिन्न वित्तीय साधनों में विविधता लानी चाहिए। अमेरिकी महंगाई के आंकड़े और फेडरल रिजर्व के दिशानिर्देशों जैसे प्रमुख फैक टरों पर नजर रखनी चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि सोना अभी भी एक महत्वपूर्ण हेज और पोर्टफोलियो डाइवर्सिफायर बना हुआ है। लेकिन, वर्तमान बाजार में विवेकपूर्ण जोखिम प्रबंधन और अस्थिरता के प्रति जागरूकता आवश्यक है।

---

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत बदलाव, निजी स्कूलों संग दोयम दर्जे के व्यवहार को देखते हुए फैसला

# माशिमं और डीईओ के अधिकार समाप्त, स्कूलों को मान्यता का फैसला प्राधिकरण करेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




हरिभूमि एक्सक्लूसिव

जिला शिक्षा अधिकारी और माध्यमिक शिक्षा मंडल अब स्कूलों को मान्यता नहीं दे सकेंगे। उनका यह अधिकार जल्द ही समाप्त हो जाएगा। प्रदेश सरकार राज्य स्कूल मानक प्राधिकरण का गठन करने जा रही है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत ये बदलाव होंगे। प्रदेशभर के निजी स्कूलों को मान्यता अब इस मानक प्राधिकरण द्वारा ही दी जाएगी। फिलहाल पहली से आठवीं कक्षा शाला संचालन के लिए जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा मान्यता प्रदान की जाती है। इसी तरह नवमी से बारहवीं कक्षा तक शाला संचालन के लिए माध्यमिक शिक्षा मंडल की अनुमति अनिवार्य है। राज्य स्कूल मानक प्राधिकरण के गठन के बाद पहली से बारहवीं कक्ष तक मान्यता संबंधित सभी अधिकार प्राधिकरण के अधीन हो जाएंगे।

मान्यता के लिए आवश्यक शर्तों से लेकर दंड का निर्धारण भी मानक प्राधिकरण ही करेगा। इसके लिए प्रस्ताव स्कूल शिक्षा सचिव को भेजा जा चुका है। अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, इस पर अभी तक एकमत नहीं बन सका है कि इस मानक प्राधिकरण को स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत रखा जाएगा अथवा यह पूर्णतः स्वतंत्र बॉडी रहेगी। राज्य स्कूल मानक प्राधिकरण के सदस्य सरकारी अधिकारी ना होकर रिटायर जज, शिक्षाविद अथवा इनके समकक्ष योग्यता रखने वाले व्यक्ति होंगे।

### शिक्षा विभाग के अधीन नहीं

मानक प्राधिकारण पूर्णत: स्वतंत्र बॉडी हो। इसे स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत ना रखा जाए। इसमें होने वाली नियुक्तियां निष्पक्ष रूप से हो ताकि वे अपने मूल उद्देश्यों से ना भटके।

**-राजीव गुप्ता,** अध्यक्ष, निजी स्कूल संघ

### प्रदेश में बीते माह रखी गई थी कार्यशाला

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत देश के सभी राज्यों में इस प्राधिकरण का गठन होना है। महाराष्ट्र में इसका गठन हो चुका है तथा अन्य राज्यों में भी इस पर कार्य चल रहा है। प्रदेश में बीते माह 29 व 30 सितंबर को राज्य स्कूल मानक प्राधिकरण के संदर्भ में कार्यशाला रखी गई थी। कार्यशाला में महाराष्ट्र के ढांचे को पेश किया गया। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के हॉल में रखी गई कार्यशाला में कहा गया, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत स्कूल प्रशासन और गुणवत्ता सुधार की महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार करते हुए सभी राज्यों में राज्य स्कूल मानक प्राधिकरण की स्थापना की जानी है।

---




# डीजी कान्फ्रेंस से पहले सरकारी संस्थाओं के कमरे होंगे चकाचक स्पीकर हाउस से चलेगा पीएमओ

*सरकारी संस्थाओं के कमरों को बनाएंगे सुविधायुक्त, केंद्र देगा राशि*


खास होगी डीजी कॉन्फ्रेंस, पीएम, शाह, डोभाल आएंगे, पीएमओ ने कहा-फिजूलखर्ची नहीं, होटल की जगह शासकीय संस्थानों में व्यवस्था

*मंत्री गुरु खुशवंत के बंगले का उपयोग हो सकता है कांफ्रेंस के लिए*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ में नवंबर के अंत में होने वाली डीजी कांफ्रेस के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नवा रायपुर में नव निर्मित स्पीकर हाउस में ठहरेंगे। उनके प्रवास के दौरान इसी भवन से प्रधानमंत्री कार्यालय यानि पीएमओ का संचालन होगा। वहीं कान्फ्रेंस से पहले सरकारी संस्थाओं के कमरों को सर्वसुविधायुक्त बनाया जाएगा ताकि उसमें ठहरने वाले उच्च पदस्थ अफसरों को कामकाज में किसी तरह की दिक्कत न हो। डीजी कांफ्रेस के दौरान यहां आने वाले देश के सभी राज्यों के पुलिस महानिदेशक, पुलिस महानिरीक्षक समेत अन्य करीब ढाई सौ अधिकारियों के यहां आने की संभावना है। हरिभूमि ने पिछले दिनों ये खबर दी थी कि कार्यक्रम में आने वाले सभी लोगों को निजी होटलों की जगह सरकारी भवनों में ठहराया जाएगा। तैयारियां भी इसी हिसाब से हो रहीं हैं। बताया गया है कि आईआईएम सहित अन्य सरकारी संस्थानों के भवन जहां अधिकारियों को रुकवाया जाएगा, उनमें से कई स्थानों पर रात्रि विश्राम के लिए अनुकूल व्यवस्था नहीं है। लिहाजा अब ये तय किया गया है कि चुने गए शासकीय स्थलों के कमरों को सुविधायुक्त बनाया जाएगा। केंद्र सरकार इस काम के लिए राशि देगी।

### मंत्री का नया बंगला भी होगा इस्तेमाल

बताया गया है कि नवा रायपुर में सरकार के मंत्री गुरु खुशवंत साहेब का नया बंगला बनकर तैयार है। इस भवन का उपयोग कांफ्रेस के लिए करने की योजना है। सूत्रों के अनुसार मंत्री से कहा गया है कि वे डीजी कांफ्रेस होने तक वहां प्रवेश न करें। इस मंत्री बंगले का उपयोग जरूरत के हिसाब से किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि नवंबर के अंत में राज्य में पहली बार डीजी कान्फ्रेंस का आयोजन होने वाला है। इस कार्यक्रम में पीएम मोदी के अलावा केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल प्रमुख रूप से शामिल होंगे।



# मंत्रालय में 1 दिसंबर से अफसर कर्मियों की बायोमैट्रिक हाजरी

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार के मंत्रालय महानदी भवन में काम करने वाले सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को अब अपनी ड्यूटी पर समय से आना और समय पूरा होने पर ही जाना होगा। दरअसल सरकार ने अब मंत्रालय के कर्मियों के लिए आधार आधारित बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली शुरू करने का निर्णय लिया है। खास बात ये है कि कर्मियों का एक संगठन इसके विरोध में आवाज उठा रहा है, लेकिन एक बड़ा संगठन अघोषित समर्थन देने को तैयार है।

राज्य सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी किया है।इसके साथ ही आधार-सक्षम बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली में अफसर कर्मियों के स्व पंजीयन को लेकर निर्देश भी जारी किए हैं।इस तरह करना होगा पंजीयनसामान्य प्रशासन विभाग ने इस मामले को लेकर राज्य



## सामान्य प्रशासन विभाग ने जारी किया आदेश

के सभी भारसाधक सचिवों को जारी पत्र में अफसर कर्मियों को स्व पंजीयन के लिए निर्देश भेजा है। कहा गया है कि सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन में कार्यरत समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति दर्ज करने हेतु आधार सक्षम बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली ( एईबीएएस) प्रारंभ की जा रही है। इस काम के लिए एक विभागीय पोर्टल भी बनाया गया है। सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपने विवरण के साथ उक्त पोर्टल पर यूजर एम्पलाई रजिस्ट्रेशन अनुभाग में जाकर स्व-पंजीकरण करें। आधार सक्षम बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली के एईबीएएस के लिए आधार फेस आरडी एव आधार बीएल एप इस्टांल कर रजिस्ट्रेशन करना होगा। इसके बाद उपस्थिति दर्ज किये जाने हेतु विकल्प के रूप में उपयोग किये जा सकते हैं।

## 7 नवंबर तक रजिस्ट्रेशन, 1 दिसंबर से शुरू

सामान्य प्रशासन विभाग ने संबंधित अफसर कर्मियों से कहा है कि अपने विभाग के उप सचिव एवं उच्च अधिकारियों द्वारा उपरोक्त प्रक्रिया को 07 नवंबर 2025 तक पूर्ण करने के लिए निर्देशित करें, ताकि बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली का संचालन 01 दिसंबर 2025 से प्रारंभ किया जा सके। इसके लिए प्रक्रिया के तहत जानकारी भी देनी होगी। जिसमें नाम, जन्म दिनांक, लिंग, आधार संख्या अथवा, मोबाईल नंबर, ईमेल आईडी, संगठन का नाम/अनुभाग/इकाई, पदनाम, कार्यालय स्थान, कर्मचारी कोड (यदि उपलब्ध हो) पासपोर्ट आकार का फोटो (जेपीजी) अधिकतम 150 केबी), स्व-पंजीकरण के समय डिवीजन युनिट, व संगठन का ब्योरा देना होगा। आईएएस संवर्ग के अधिकारियों के लिए भी प्रक्रिया निर्धारित की गई है।

## खबर संक्षेप

### प्रतिनियुक्ति पर जाएंगे आईपीएस आशुतोष, सीबीआई में एसपी का पद संभालेंगे

रायपुर। छत्तीसगढ़ कैडर के 2012 बैच के आईपीएस अधिकारी आशुतोष सिंह केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाएंगे। उनको केंद्र सरकार ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) में पुलिस अधीक्षक के पद पर नियुक्त किया है। 2012 बैच के इस अधिकारी की यह नियुक्ति राज्य पुलिस सेवा से एक प्रतिष्ठित केंद्रीय पद तक पहुंच को अहम कदम माना जा रहा है। भारत सरकार के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग ने उनके डेपुटेशन को मंजूरी देते हुए राज्य सरकार को निर्देश दिए हैं कि उन्हें तीन सप्ताह के भीतर रिलीव किया जाए।

### राजभवन में दीपावली मिलन समारोह, सीएम सहित जनप्रतिनिधि रहे उपस्थित

रायपुर। राजभवन में बुधवार को दीपावली पर्व के अवसर राज्यपाल रमेन डेका के मुख्य आतिथ्य में दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। उन्होंने सभी अतिथियों को दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी। साथ ही सभी के सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। समारोह में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय विशेष रूप से उपस्थित थे। मुख्यमंत्री सहित आमंत्रित अतिथियों ने भी राज्यपाल को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर राज्य की प्रथम महिला रानी डेका काकोटी एवं राज्यपाल के परिजन उपस्थित थे। कार्यक्रम में विभिन्न रंगारंग प्रस्तुति के माध्यम से छत्तीसगढ़ की गौरवशाली संस्कृति को दर्शाया गया। छत्तीसगढ़ के पारंपरिक लोक नृत्य राउत नाच की प्रस्तुति केशव राम यादव एवं दल के द्वारा और सूफी गायक पद्मश्री मदन चौहान के मधुर गायन और विधायक अनुज शर्मा ने भजन की प्रस्तृति से समारोह के उत्साह को दोगुना कर दिया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, वन मंत्री केदार कश्यप, संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल, मुख्य सचिव विकासशील, पुलिस महानिदेशक अरुण देव गौतम, सांसद रूप कुमारी चौधरी, विधायक, पूर्व राज्यपाल रमेश बैस, राज्यपाल के सचिव डॉ. सीआर प्रसन्ना सहित अन्य अधिकारी तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### दिनदहाड़े लूटा मोबाइल युवक से की मारपीट

रायपुर। राजधानी रायपुर में रविवार को दिनदहाड़े लूट और मारपीट की एक गंभीर वारदात सामने आई है। कमल विहार निवासी एक युवक के साथ महादेवघाट तिराहे के पास दो युवकों ने न केवल गाली-गलौज और मारपीट की, बल्कि उसका मोबाइल फोन और सात हजार पांच सौ रुपए नकद भी लूट लिए। पीड़ित युवक ने इस मामले की शिकायत पुलिस में दर्ज कराई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, डुण्डा रायपुर निवासी पीड़ित युवक केपीएस स्कूल के सामने कमल विहार में रहता है। रविवार को दर्शन करने के लिए महादेवघाट गया था। घटना सुबह लगभग 11.30 बजे की बताई जा रही है, जब वह राधे होटल के आगे महादेवघाट तिराहे के पास पहुंचा। इसी दौरान इलाके के दो युवक उमेश ऊर्फ चांटी और भोज साहू वहां पहुंचे और पीड़ित से शराब पीने के लिए पैसे की मांग करने लगे। पीड़ित युवक ने जब पैसे देने से मना किया, तो दोनों आरोपी भड़क उठे।

## सीजीएमएससी के संचालक मंडल की सहमति, शीघ्र शुरू होगी निर्माण की प्रक्रिया

# नहीं होगी डाक्टरों की कमी, चार नए मेडिकल कालेज के निर्माण के लिए 1390 करोड़ मंजूर

हरिभूमि न्यूजः रायपुर।

चिकित्सा सुविधा को बेहतर बनाने के लिए राज्य में डाक्टरों की कमी नहीं होगी। चार नए चिकित्सा महाविद्यालय के निर्माण के लिए 1390 करोड़ के निर्माण को मंजूरी दी कई है। सीजीएमएससी के संचालक मंडल की बैठक में राशि मंजूर होने के बाद निविदा दरों की स्वीकृति के बाद शीघ्र निर्माण शुरू किया जाएगा।

सीजीएमएससीएल की बैठक में मनेंद्रगढ़ मेडिकल कॉलेज के लिए 323.03 करोड़, कबीरधाम मेडिकल कॉलेज के लिए 318.27 करोड़, जांजगीर-चांपा मेडिकल कॉलेज के लिए 318.27 करोड़ और गीदम मेडिकल कॉलेज के लिए 326.53 करोड़ की निविदा दर



की स्वीकृति दी गई है। इसके साथ ही मनेंद्रगढ़ में 220 बिस्तर वाले अस्पताल भवन के निर्माण के लिए 28.48 करोड़ तथा बिलासपुर के शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय और अस्पताल भवन के निर्माण करने 79.52 करोड़ की निविदा दर को भी मंजूरी दी गई है। इन छह परियोजनाओं की निविदा दरों को स्वीकृति मिलने के बाद अब इनके निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ होंगे। निर्माण कार्यों के पूर्ण होने पर प्रदेश की जनता को अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जिससे इलाज के लिए बड़े शहरों पर निर्भरता में उल्लेखनीय कमी आएगी। सीजीएमएससी की 51वीं संचालक मंडल बैठक में अध्यक्ष दीपक म्हस्के, स्वास्थ्य विभाग के सचिव अमित कटारिया, सीजीएमएससी के प्रबंध संचालक रितेश अग्रवाल, वित्त विभाग, जीएसटी विभाग और कॉर्पोरेशन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में परियोजनाओं के क्रियान्वयन की समयसीमा, गुणवत्ता मानकों और पारदर्शिता पर विशेष बल दिया गया। निर्णय लिया गया कि निर्माण कार्य समयबद्ध रूप से और उच्च गुणवत्ता मानकों के साथ पूर्ण किए जाएंगे।

### गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य हमारी प्राथमिकता

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार लगातार स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना से न केवल चिकित्सा शिक्षा का दायरा बढ़ेगा बल्कि डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ की उपलब्धता भी सुदृढ़ होगी। प्रदेश के हर नागरिक तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है।

## कार की जांच के दौरान दो लाख गायब पांच सिपाहियों पर आरोप, एक सस्पेंड

हरिभूमि न्यूजःरायपुर

एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट (एसीसीयू) के पांच सिपाहियों पर दुर्ग के कारोबारी की जांच के नाम पर उसके दो लाख रुपए चोरी करने के गंभीर आरोप लगे हैं। दुर्ग एसएसपी विजय अग्रवाल के पत्र तथा उनके द्वारा भेजे गए पेन ड्राइव के फूटेज के आधार पर एक सिपाही को एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह ने निलंबित किया है। शेष अन्य के खिलाफ भी कार्रवाई करने तैयारी की जा रही है। सिपाहियों ने कारोबारी की कार से दीपावली के एक दिन पूर्व 18 अक्टूबर को रुपए चोरी किए थे। एसएसपी ने जांच के बाद चोरी का अपराध दर्ज करने की बात की है।

दुर्ग एसएसपी के पत्र के आधार पर रायपुर एसएसपी ने आरक्षक प्रशांत शुक्ला को निलंबित किया है। प्रशांत के अलावा धनंजय गोस्वामी, प्रमोद वट्टी, अमित करिया तथा वीरेंद्र भार्गव पर कारोबारी की कार से रुपए चोरी करने का आरोप है। कारोबारी मयंक गोस्वामी ने अपनी शिकायत में बताया कि वे विद्युत नगर, दुर्ग में रहते हैं और धमतरी में बुलेट शोरूम संचालित करते हैं। 18 अक्टूबर की रात वे धमतरी से अपने घर लौटे ही थे कि पीछे से रायपुर क्राइम ब्रांच की गाड़ी उनके घर पहुंची। टीम ने बिना किसी जानकारी या नोटिस के उनकी कार की तलाशी शुरू कर दी। कारोबारी ने बताया कि तलाशी के दौरान टीम में शामिल पुलिसकर्मियों ने उनकी कार में रखे दो लाख रुपये निकाल लिए। जांच के बाद जब रकम गायब पाई गई तो उन्होंने दुकान और घर के

**बड़ा सवाल- रायपुर क्राइम ब्रांच के सिपाही ने किनके कहने पर कारोबारी का दुर्ग तक पीछा किया**




बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों के फूटेज की जांच की। फूटेज में कारोबारी ने देखा कि जो लोग उनकी कार की तलाशी ले रहे थे, उनमें से कुछ लोग कार से कुछ निकाल रहे हैं। इसके बाद कारोबारी ने फूटेज पेन ड्राइव लेकर दुर्ग एसएसपी को शिकायत की।

### संदिग्ध कार की सूचना मिलने पर पहुंची थी पुलिस

सिपाहियों ने पूछताछ में बताया है कि उन्हें धमतरी के रास्ते एक संदिग्ध कार आने की सूचना मिली थी। इसके बाद उन्होंने कुम्हारी के पास नाकेबंदी की। इस दौरान संदिग्ध कार के चकमा देकर भाग जाने की जानकारी सिपाहियों ने अपने अफसरों को दी। सबसे बड़ा सवाल यह है कि संदिग्ध कार नहीं मिलने पर क्राइम के सिपाही अपने अफसरों की बगैर जानकारी के कैसे कार का पीछा करते दुर्ग पहुंच गए। नियम के मुताबिक उन्हें उक्त जानकारी अपने अफसरों के माध्यम से दुर्ग पुलिस को देनी थी।

## हाईकोर्ट ने 13 निजी कालेजों को दी राहत, अपग्रेड सीट काउंसिलिंग में शामिल

# नर्सिंग कालेजों में एडमिशन 31 अक्टूबर नहीं 30 नवंबर तक, आईएनसी ने बढ़ाई तारीख

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

नर्सिंग कालेजों के विभिन्न पाठ्यक्रम में प्रवेश 31 अक्टूबर नहीं 30 नवंबर तक पूरा किया जाएगा। काउंसिलिंग में होने वाली देरी के बीच चिकित्सा शिक्षा विभाग के निवेदन पर इंडियन नर्सिंग काउंसिल ने तारीख बढ़ाई है। वहीं हाईकोर्ट के निर्देश के बाद काउंसिलिंग में शामिल 13 कालेजों की करीब 12 सौ अपग्रेड सीटों पर एडमिशन के लिए पहले दौर की प्रक्रिया में अंतिम तारीख 26 अक्टूबर तक बढ़ा दी थी।

नर्सिंग कालेजों में बीएससी की सीटों में प्रवेश के लिए होने वाली काउंसिलिंग के दौरान अनियमितता सामने आ रही है।



पूर्व में जीएनएम से बीएससी में अपग्रेड सीटों को काउंसिलिंग से दूर रखा गया था। निजी कालेज हाईकोर्ट पहुंचे तो करीब 6 कालेजों को राहत मिली मगर 13 कालेजों की करीब 12 सौ सीटों को भी प्रवेश प्रक्रिया से दूर रखा गया। निजी नर्सिंग कालेज प्रबंधनों ने फिर न्यायालय की शरण ली। छुट्टी के दिन बैठी अदालत ने कालेज प्रबंधन के पक्ष में फैसला जारी कर काउंसिलिंग कमेटी को फटकारा। इसके बाद अपग्रेडेड सभी सीटें को काउंसिलिंग में शामिल किया गया। इसकी वजह प्रवेश की अंतिम तारीख को 22 से बढ़ाकर 26 अक्टूबर तय किया गया है। दूसरी ओर आईएनसी के शेड्यूल के अनुसार शुरुआत में प्रवेश की अंतिम तारीख को 30 सितंबर से बढ़ाकर 31 अक्टूबर किया गया था। चिकित्सा शिक्षा संचालनालय ने इसमें और बढ़ोतरी किए जाने का निवेदन नर्सिंग काउंसिल से किया था जिसके बाद एडमिशन की अंतिम तिथि को 30 नवंबर तक बढ़ा दी गई है।

## "श्रेष्ठ" के लिए आवेदन 30 तक, 3 हजार छात्र होंगे चयनित

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

अनुसूचित जाति के मेधावी विद्यार्थियों को देश के सर्वश्रेष्ठ निजी आवासीय विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से भारत सरकार की "श्रेष्ठ योजना" प्रारंभ की गई है। इसके तहत आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर 2025, शाम 5 बजे निर्धारित की गई है। इस योजना के अंतर्गत प्रतिवर्ष राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षा के माध्यम से कक्षा 9 और 11 में प्रवेश के लिए 3000 नए विद्यार्थियों का चयन किया जाता है, जो कक्षा 12वीं तक की शिक्षा पूरी करते हैं। स्कूलों का आबंटन योग्यता और विद्यार्थियों की प्राथमिकता के आधार पर आनलाइन काउंसिलिंग के माध्यम से किया जाता है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा

**राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी कराएगा प्रवेश परीक्षा, आवासीय विद्यालयों में निशुल्क शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे छात्र**

वर्ष 2022-23 से यह योजना संचालित की जा रही है। यह योजना राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित निजी आवासीय विद्यालयों के माध्यम से अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थियों को कक्षा 9वीं एवं 11वीं में प्रवेश का अवसर प्रदान करती है। इसके लिए राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी द्वारा परीक्षा दिसंबर 2025 में संभावित है। श्रेष्ठ योजना के अंतर्गत प्रत्येक वर्ष सर्वोत्तम निजी आवासीय विद्यालयों का चयन किया जाता है। ऐसे विद्यालय हैं जो न्यूनतम पांच वर्षों से सतत रूप से संचालित हों, पिछले तीन वर्षों में कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षाओं में कम से कम 75 प्रतिशत या उससे अधिक उत्तीर्णता दर प्राप्त कर चुके हों, तथा जिनके पास कक्षा 9वीं और 11वीं में अतिरिक्त रूप से कम से कम 10 अनुसूचित जाति विद्यार्थियों को समायोजित करने के लिए आवश्यक एवं उपयुक्त बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हो, का चयन किया जाता है। इस योजना के अंतर्गत चुने गए विद्यार्थियों को शिक्षण एवं छात्रावास शुल्क का पूरा व्यय भारत सरकार द्वारा वहन किया जाता है। विद्यार्थियों को किसी प्रकार का शुल्क या अतिरिक्त शुल्क नहीं देना होता। साथ ही, शैक्षणिक समायोजन में सहायता के लिए 'ब्रिज कोर्स' के लिए वार्षिक शुल्क का 10% तक का प्रावधान है। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन एनटीए की वेबसाइट पर किए जा सकते हैं।

## 27 अक्टूबर तक फिर से खोला गया 10वीं-12वीं के परीक्षा फॉर्म में सुधार के लिए विंडो

# डेटा जांचने पालकों व छात्रों को मिलेगी वेरिफिकेशन स्लिप

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने उम्मीदवारों की सूची, यानी एलओसी में भरे गए विवरणों में बदलाव का मौका देते हुए सुधार विंडो खोली है। बोर्ड ने कक्षा 10वीं और 12वीं के छात्रों, अभिभावकों और स्कूलों से अपील की है कि वे 2025-26 सत्र के लिए तैयार की गई लिस्ट ऑफ कैंडिडेट्स में दर्ज सभी जानकारियों की जांच करें और यदि कोई गलती है तो उसे जल्द से जल्द सुधार लें। आधिकारिक नोटिस के अनुसार, एलओसी डेटा सुधार की विंडो 13 अक्टूबर से खुल चुकी है और यह 27 अक्टूबर 2025 तक सक्रिय रहेगी। इससे पहले 27 अगस्त और 18 सितंबर 2025 को जारी अधिसूचनाओं में सीबीएसई ने स्कूल प्राचार्यों को निर्देश दिया था




कि वे विद्यार्थियों का डेटा सही-सही जमा करें।

बोर्ड ने बताया कि एलओसी जमा करने के बाद छात्रों और अभिभावकों को एक डेटा वेरिफिकेशन स्लिप दी जाती है, ताकि वे नाम, माता-पिता के नाम, जन्मतिथि और विषयों जैसी प्रमुख जानकारियों की जांच कर सकें। यह सुधार विंडो छात्रों, अभिभावकों और स्कूलों को इन जानकारियों में आवश्यक बदलाव करने का अंतिम अवसर प्रदान करती है।

### नहीं बदल सकेंगे विषय

बोर्ड ने छात्रों से कहना है कि विषयों का चयन सावधानीपूर्वक किया जाए, क्योंकि सुधार अवधि के बाद कोई बदलाव स्वीकार नहीं किया जाएगा। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि 27 अक्टूबर के बाद एलओसी डेटा में सुधार का कोई और मौका नहीं मिलेगा। सभी स्कूलों को निर्देश दिए गए हैं कि वे छात्रों और अभिभावकों को इस शेड्यूल की जानकारी दें और तय समय सीमा के भीतर सभी आवश्यक बदलाव सुनिश्चित करें। सीबीएसई ने कहा कि सही डेटा एंट्री बोर्ड परीक्षाओं के सुचारू संचालन और छात्रों के रिकॉर्ड में भविष्य की गड़बड़ियों से बचने के लिए अत्यंत आवश्यक है।



बिलासपुर
गुरुवार 23 अक्टूबर 2025
कार्तिक शुक्ल पक्ष द्वितीया
वर्ष : 25, अंक : 209
पृष्ठ : 10+8 = 18 मूल्य : 5.00***


**मौसम**
अधि. 32.4
न्यून. 22.1


haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी





7 चैंपियंस लीग के 9 मैच में 43 गोल...

विचार पेज
2 ऋण वितरण से विकास में आएगी तेजी







# तिलक के लिए मिलेंगे सिर्फ 2 घंटे 15 मिनट, आयुष्मान व शिववास का मंगलकारी संयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

इस बार भाई दूज पर आयुष्मान योग का दुर्लभ संयोग बन रहा है। यह भाइयों को दीर्घायु प्रदान करने के साथ ही बहनों के लिए भी शुभ रहेगा। गुरुवार को भाई दूज का पर्व मनाने के लिए दोपहर 1 बजकर 13 मिनट से लेकर 3 बजकर 28 मिनट के मध्य का मुहूर्त विशेष शुभ रहेगा। इस तरह से बहनों को भाइयों का तिलक करने सिर्फ 1 घंटा 15 मिनट का ही समय मिलेगा। इस बार अमावस तिथि दो दिन होने के कारण कई स्थानों पर सोमवार व मंगलवार, दोनों ही दिन लक्ष्मी पूजन किया गया। हालांकि अधिकतर स्थानों में सोमवार को ही लक्ष्मी पूजन हुआ। लक्ष्मी पूजन के इतर भाई दूज की तिथि को लेकर किसी तरह के असमंजस की स्थिति नहीं है। पंचांग के अनुसार, गुरुवार 23 अक्टूबर को भाई-बहन के प्रेम व आस्था का प्रतीक पर्व भाई दूज है। यह पर्व हर साल कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को मनाया जाता है। इस साल भाई दूज और चित्रगुप्त पूजा एक साथ है। बहनें अपने भाई की लंबी आयु के लिए यम देवता की पूजा करने के बाद भाई के माथे पर तिलक लगाती हैं और हाथ में रक्षा सूत्र बांधती हैं। ज्योतिषियों की मानें तो भाई दूज पर आयुष्मान के साथ शिववास योग का भी मंगलकारी संयोग बन रहा। इन योग में यम देव की पूजा करने से भाई को आरोग्यता और लंबी आयु का वरदान मिलेगा।

## आज भाईदूज, दोपहर 1 बजकर 13 मिनट से लेकर 3 बजकर 28 मिनट का समय विशेष फलदायी

### कल प्रातः 5 बजे तक रहेगा आयुष्मान योग

*द्वितीया तिथि पर सबसे पहले आयुष्मान योग का निर्माण हो रहा है। इस योग का समापन 24 अक्टूबर को सुबह 5 बजे होगा। इस योग में यम देवता की पूजा करने से साधक को अभयता का वरदान प्राप्त होगा। भाई दूज पर शिववास योग का भी संयोग है। इस योग का समापन रात 10 बजकर 46 मिनट तक है। इस शुभ अवसर पर भगवान शिव कैलाश पर जगत की देवी मां गौरी के साथ रहेंगे। शिववास योग के दौरान शिव परिवार की पूजा से सकल मनोरथ सिद्ध हो जाएंगे।*



**रात 10 बजकर 46 मिनट तक रहेगा शिववास योग व द्वितीया तिथि**

### रात्रि 10.46 तक रहेगी द्वितीया तिथि

कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि गुरुवार 23 अक्टूबर को रात 10 बजकर 46 मिनट तक है। इसके बाद कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि शुरू होगी। चूंकि सूर्योदय के समय व्याप्त तिथि ही पूरे दिन मान्य होती है, इसलिए तृतीया तिथि की शुरुआत शुक्रवार से ही मानी जाएगी। गुरुवार को बहनें भाई दूज के दिन सुविधा अनुसार पर यम देव की पूजा कर सकती हैं। हालांकि बहनें पूरे दिन अपने भाई का टीका कर सकती हैं, लेकिप कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि पर दोपहर 1 बजकर 13 मिनट से लेकर 3 बजकर 28 मिनट का समय विशेष शुभ रहेगा।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### नक्सलियों ने किया 24 को देशव्यापी बंद का आह्वान

**जगदलपुर।** नक्सलियों ने बीजापुर के नेशनल पार्क, नारायणपुर के माड़ व करेंगुट्टा मुठभेड़ के विरोध में 24 अक्टूबर को भारत बंद का आव्हान किया है। केन्द्रीय कमेटी प्रवक्ता अभय ने प्रेसनोट जारी किया है। प्रेस विज्ञप्ति में 18 अक्टूबर से 23 अक्टूबर तक विरोध सप्ताह और 24 अक्टूबर को देशव्यापी बंद का आह्वान किया गया है। बंद का आव्हान नारायणपुर जिले के माड़ क्षेत्र, बीजापुर के नेशनल पार्क एरिया, ⏭ शेष पेज 6 पर

### बेटे और बहू से परेशान व्यक्ति ने की खुदकुशी

**अमेठी।** उत्तर प्रदेश के अमेठी जिले में 50 वर्षीय एक व्यक्ति ने अपन बेटे और बहू की प्रताड़ना से परेशान होकर मंगलवार रात ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान लालजी सिंह (50) के रूप में हुई है। वह गौरीगंज थानाक्षेत्र के असुर गांव का रहने वाला था।

## हीरा कारोबारी मेहुल को भारत लाने का रास्ता साफ

# भगोड़े मेहुल को भारत लाने का रास्ता साफ, आर्थर रोड जेल में हो रही तैयारी

*भगोड़े हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी को बेल्जियम की कोर्ट ने बड़ा झटका दिया है। कोर्ट ने कहा है कि मेहुल चोकसी के प्रत्यर्पण मामले में भारत द्वारा जिक्र किए गए मामलों को बेल्जियम के कानून के तहत भी अपराध माना जाएगा। कोर्ट ने कहा कि विदेशी नागरिक चोकसी को 1874 के बेल्जियम प्रत्यर्पण अधिनियम के तहत प्रत्यर्पण का सामना करना पड़ सकता है। इसके साथ ही मेहुल को भारत लाने का रास्ता साफ हो गया है। इधर, मुंबई की आर्थर रोड जेल में तैयारी हो रही है।*

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

बेल्जियम की एक अदालत ने अपने फैसले में कहा है कि ऐसा कोई जोखिम नहीं है कि भगोड़े हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी के मामले में उसके प्रत्यर्पण के बाद भारत में निष्पक्ष सुनवाई नहीं होगी। अदालत ने यह रेखांकित किया कि वह यातना, अमानवीय या अपमानजनक व्यवहार का सामना करने के किसी भी 'गंभीर जोखिम' के दावे को साबित करने में विफल रहा है। एंटवर्प में अपील न्यायालय की चार सदस्यीय पीठ को एंटवर्प जिला अदालत के 'प्री-ट्रायल चैंबर' द्वारा 29 नवंबर, 2024 को जारी किए गए आदेशों में कोई खामी नहीं मिली, जिसमें चोकसी के प्रत्यर्पण की अनुमति दी गई है। जिला अदालत ने 23 मई, 2018 और 15 जून, 2021 को मुंबई की विशेष अदालत द्वारा जारी गिरफ्तारी वारंट को 'लागू होने योग्य' बताया था, जिसे अपील अदालत ने 17 अक्टूबर के अपने आदेश में बरकरार रखा है। सबूतों के अभाव से संबंधित तीसरे वारंट को बेल्जियम की अदालत ने स्वीकार नहीं किया था। अपील अदालत ने माना है कि चोकसी द्वारा प्रस्तुत किए गए दस्तावेज उसके इस दावे की पुष्टि नहीं करते हैं कि ⏭ शेष पेज 6 पर

- बेल्जियम की कोर्ट ने कहा, प्रत्यर्पण के बाद मेहुल चोकसी की भारत में निष्पक्ष सुनवाई न होने का जोखिम नहीं



### क्या है आरोप

अदालत के आदेश ने भगोड़े व्यवसायी को एक बड़ा झटका दिया, जो लंदन की जेल में बंद अपने भतीजे नीरव मोदी के साथ कथित तौर पर मिलीभगत करके पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) में हुई 13,000 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी के मामले में वांछित है। नीरव भी प्रत्यर्पण कार्यवाही का सामना कर रहा है। सीबीआई ने अपने आरोप पत्र में कहा है कि 13,000 करोड़ रुपए में से अकेले चोकसी ने 6,400 करोड़ रुपए की हेराफेरी की है।

### इधर, कोर्ट को सौंपी जेल की तस्वीर



भारत ने बेल्जियम अधिकारियों को मुंबई की आर्थर रोड जेल की आधिकारिक तस्वीरें सौंपी हैं। इनके जरिए बताया गया कि मेहुल चोकसी को प्रत्यर्पण के बाद जब ऑर्थर रोड जेल में रखा जाएगा तो वहां उसे क्या सुविधा मिलेगी। चोकसी को मुंबई की हाई सिक्युरिटी वाली आर्थर रोड जेल की बैरक नंबर 12 में रखा जाएगा। यह वही जेल ⏭ शेष पेज 6 पर

### भारत के लिए पहली सफलता

बेल्जियम में मेहुल चोकसी के खिलाफ चल रही प्रत्यर्पण कार्यवाही में यह भारत के लिए पहली सफलता है। चोकसी (66) अप्रैल में गिरफ्तारी के बाद से एंटवर्प जेल में बंद है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, आदेश हमारे पक्ष में आया है। अदालत ने भारत के अनुरोध पर बेल्जियम के अधिकारियों द्वारा चोकसी की गिरफ्तारी को वैध करार दिया है। उसके प्रत्यर्पण का पहला कानूनी रास्ता साफ हो गया है। सबसे बड़े बैंक धोखाधड़ी में से एक को अंजाम देने में चोकसी की कथित भूमिका पर मजबूत दलीलें पेश करने में बेल्जियम के अभियोजकों को विदेश मंत्रालय और सीबीआई के भारतीय अधिकारियों द्वारा सहायता मिली।

## अंतरिक्ष वैज्ञानिक एकनाथ वसंत का 100 वर्ष की आयु में निधन

### इसरो के शिल्पकार डॉ. चिटनिस ने छोड़ी दुनिया



**पुणे।** प्रसिद्ध भारतीय अंतरिक्ष वैज्ञानिक डॉ. एकनाथ वसंत चिटनिस का बुधवार को उनके आवास पर निधन हो गया। चिटनिस के परिवार के सदस्यों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 100 वर्ष पूरे कर चुके डॉ. चिटनिस पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ थे और सुबह के समय ⏭ शेष पेज 6 पर

### सम्मान और विरासत

डॉ. चिटनिस को देश के तीसरे सबसे बड़े नागरिक सम्मान पद्म भूषण से नवाजा गया था। यह सम्मान उन्हें उनके वैज्ञानिक कार्यों के लिए मिला। वे हमेशा सादगी से जीते थे। युवा वैज्ञानिकों को प्रोत्साहित करते रहते थे। डॉ. चिटनिस उनके बेटे डॉ. चेतन चिटनिस, बहू अमिका और पोतियों तारिणी व चंदिनी को छोड़ गए हैं। डॉ. चेतन चिटनिस भी एक वैज्ञानिक हैं। वे मलेरिया अनुसंधान ⏭ शेष पेज 6 पर

### मालगाड़ी के 12 डिब्बे उतरे तीसरी लाइन बहाल



**मथुरा।** उत्तर मध्य रेलवे के मथुरा-पलवल रेलखंड पर वृंदावन रोड और आझई स्टेशनों के बीच कोयले से लदी मालगाड़ी के लगभग 12 डिब्बे पटरी से उतर गए। घटना के बाद बाधित रेल यातायात को बुधवार सुबह तीसरी लाइन पर आंशिक रूप से बहाल कर दिया गया। सुबह करीब सात बजे से तीसरी लाइन पर अप और डाउन दोनों दिशाओं में गाड़ियों की आवाजाही शुरू कर दी गई है। पटरी से उतरी बोगियों को हटाने का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। फिलहाल अप लाइन की गाड़ियों को तीसरे ट्रैक से और डाउन लाइन की गाड़ियों को चौथे ट्रैक से निकाला जा रहा है।






### बोरे में 40 हजार रुपए के सिक्के लेकर स्कूटी लेने शो रूम पहुंचा किसान



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुर

जिले का एक किसान अपनी बेटी को एक्टिवा स्कूटी दिलाने के लिए 40 हजार रुपए का सिक्का लेकर शो रूम पहुंच गया। शो रूम में उसने संचालक से कहा कि बोरा में भरकर सिक्का लाया हूं, एक्टिवा मिलेगी क्या? इस पर शो रूम संचालक ने उन्हें न केवल गाड़ी उपलब्ध कराई बल्कि एक योजना के तहत किसान को पुरस्कार भी मिला।



- संचालक ने किसान को सौंपी चाबी
- स्क्रैच एंड विन ऑफर के तहत मिला पुरस्कार

जानकारी के अनुसार जशपुर का किसान बजरंग राम भगत ग्राम केसरा अपनी बेटी चम्पा भगत को एक्टिवा दिलाने की ठानी और परिवार को ले कर पहुंच गए जशपुर के देवनारायण होंडा शोरूम और शंकुचाएं मन से कहा कि सिक्का लाने हो एक्टिवा मिलिहि का। बजरंग राम की आमदनी कम होने की वजह से उसने पिछले 6 महीनों तक तिनका-तिनका जोड़कर 40 हजार रुपए के सिक्के जमा किए। परिवार के साथ सिक्के को बोरे में भर कर उन सिक्कों को लेकर पहुँचा देवनारायण होंडा शोरूम, जशपुर - एक ही सपना लेकर, अपनी खुद की होंडा एक्टिवा लेने का। शोरूम के डायरेक्टर आनंद गुप्ता को जब इस बात की ⏭ शेष पेज 6 पर




चिंतन

# सोने के भाव में उतार चढ़ाव से उलझन बढ़ी

पीली धातु यानि सोने को हमेशा से ही सुरक्षित निवेश का साधन माना जाता रहा है। कहा जाता है कि सोना कभी धोखा नहीं देता। यह वित्तीय सुरक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक मूल्य भी जोड़ता है। सदियों से सोना चाहे आभूषण के रूप में हो, सिक्के के रूप में हो या डिजिटल संपत्ति के रूप में-निवेश रणनीतियों का एक प्रमुख घटक रहा है। जब भी अर्थव्यवस्था खराब होती है, निवेशक सोने की ओर दौड़ पड़ते हैं जैसे कि यह आखिरी सहारा हो। साथ ही, उच्च मुद्रास्फीति, बाजार में गिरावट और मुद्राओं के मूल्यह्रास के दौरान, सोने का मूल्य लचीला होता है या यहां तक कि अधिक हो जाता है। यही कारण है कि सोना उन लोगों के लिए एक पसंदीदा संपत्ति है जो आर्थिक पतन के खिलाफ अपनी संपत्ति को सुरक्षित रखना चाहते हैं। जब ट्रंप टैरिफ से दुनिया भर की अर्थव्यवस्था हिचकोले खाने लगी तो न केवल निवेशकों बल्कि दुनियाभर के बैंकों ने सोने में निवेश को उचित समझा और उत्पादन से ज्यादा सोने की खपत बढ़ गई। इसके चलते सोने के दाम आसमान पर पहुंच गए। सोने के साथ-साथ चांदी ने भी हवा से बातें करनी शुरू कर दी। हालांकि सोने को दीर्घ अवधि में सुरक्षित निवेश के रूप में जाना जाता है, लेकिन इसकी अल्पकालिक कीमतें बहुत अस्थिर हो रही हैं। सोने की कीमतें वैश्विक आर्थिक स्थितियों, केंद्रीय बैंक की नीतियों में उतार-चढ़ाव और भू-राजनीतिक घटनाओं से बहुत प्रभावित होती हैं। उन निवेशकों के लिए जो निवेश करना चाहते हैं तुरंत रिटर्न के मामले में, जब सोने की कीमत में उतार-चढ़ाव हो रहा है वो बहुत अप्रत्याशित है। दिवाली के बाद सोना-चांदी के दाम में भारी गिरावट आई है। सोना अपने ऑल टाइम हाई से 5,677 रुपये और चांदी भी रिकॉर्ड हाई से 25,599 रुपये सस्ती हो गई है। 22 अक्टूबर को 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 3,726 रुपये घटकर 1,23,907 रुपए के स्तर पर आ गया। इससे पहले 20 अक्टूबर को यह 1,27,633 रुपये पर था। वहीं 17 अक्टूबर को सोने ने 1,29,584 रुपये का ऑल टाइम हाई बनाया था। चांदी के दाम भी 10,549 रुपये घटकर 1,52,501 रुपये प्रति किलो पर आ गए हैं। इससे पहले चांदी 1,63,050 रुपये प्रति किलो थी। वहीं 14 अक्टूबर को चांदी 1,78,100 रुपये के ऑल टाइम हाई पर पहुंची थी। ऐसा माना जा रहा है कि दिवाली जैसे फेस्टिवल के बाद इंडिया में सोने-चांदी की खरीदारी का सिलसिला थम गया। इससे सोना-चांदी की डिमांड में कमी आई है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी माहौल में कुछ नरमी दिख रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और चीन के शी जिनपिंग के बीच अगले हफ्ते मीटिंग होने वाली है। इससे ट्रेड वॉर की चिंता कम हुई है। माना जा रहा है कि दोनों की मुलाकात के बाद टैरिफ वॉर में कमी आएगी। वहीं कुछ निवेशक मान रहे हैं कि सोने-चांदी की कीमतें ओवरबॉट जोन में पहुंच चुकी थीं। इसलिए ट्रेंड फॉलोअर्स और डीलर्स ने बिकवाली शुरू कर दी है। इसके चलते सोने और चांदी के दाम हिचकोले खा रहे हैं। अब जो माहौल बना है, उससे उन निवेशकों में मायूसी है, जो सोने को तुरंत लाभ का निवेश मानकार चल रहे थे। हालांकि अभी भी सोना निवेश के विपरीत, सोना एक भौतिक, मूर्त संपत्ति जरूर बना हुआ है। कई निवेशक ऐसी संपत्ति के मालिक बनना पसंद कर रहे हैं। हां, लंबे निवेश के लिए ये फायदे का सौदा जरूर कहा जा रहा है। सरकारी नीतियों पर निर्भर वित्तीय साधनों के विपरीत, सोना निर्वात में रहता है और इसे बिना खराब हुए सालों तक संग्रहित किया जा सकता है, जो लाभ भी देता है।



अर्थव्यवस्था
सतीश सिंह

बैंकों की ऋण वृद्धि दर पिछले साल की तुलना में 11.4 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच गई, जबकि जमा वृद्धि दर 9.9 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच गई। इस दौरान 3.63 लाख करोड़ रुपये से अधिक राशि के ऋण वितरित किए गए, जबकि इससे पिछले पखवाड़े में ऋण के रूप में वितरित की गई राशि 1.02 लाख करोड़ रुपये थी। वहीं, इस अवधि के दौरान बैंकों में जमा वृद्धि राशि 5.51 लाख करोड़ रुपये थी। निष्कर्ष के तौर पर कह सकते हैं कि त्योहारी सीजन, करों को युक्तिसंगत बनाने, राजकोषीय और मौद्रिक मोर्चों पर लिए गए नीतिगत निर्णयों से चालू वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में बैंकों के ऋण वितरण और आर्थिक गतिविधियों दोनों में तेजी आने के आसार हैं।

# ऋण वितरण से विकास में आएगी तेजी

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के अनुसार 20 सितंबर से 3 अक्टूबर के दौरान बैंकों की ऋण वृद्धि दर पिछले साल की तुलना में 11.4 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच गई, जबकि जमा वृद्धि दर 9.9 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच गई। इस दौरान 3.63 लाख करोड़ रुपये से अधिक राशि के ऋण वितरित किए गए, जबकि इससे पिछले पखवाड़े में ऋण के रूप में वितरित की गई राशि 1.02 लाख करोड़ रुपये थी। वहीं, इस अवधि के दौरान बैंकों में जमा वृद्धि राशि 5.51 लाख करोड़ रुपये थी।

गौरतलब है कि चालू वित्त वर्ष की जून तिमाही में ऋण वृद्धि दर 9.5 प्रतिशत रही थी, जो दूसरी तिमाही तक बढ़कर लगभग 11.4 0 प्रतिशत के स्तर तक पहुंच चुकी है। घरेलू क्रेडिट रेटिंग एजेंसी क्रिसिल के अनुसार भी बैंकों की ऋण वृद्धि दर में वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी छमाही के अंत तक 12 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच जाएगी। माना जा रहा है कि त्योहारी सीजन, सरकारी और नियामकीय उपायों और कॉरपोरेट कर्जदारों के बॉन्ड बाजार जैसी वैकल्पिक व्यवस्था से बैंक उधारी को पंख लगेंगे। हालांकि, निजी पूंजीगत व्यय की वृद्धि में थोड़ा वक्त लगेगा, क्योंकि निजी कंपनियों का विस्तार वैश्विक अनिश्चितताओं की वजह से अपेक्षित गति से नहीं हो पा रहा है। आम लोगों का बैंक जमा में योगदान भी विगत 5 सालों में 64 प्रतिशत से घटकर 60 प्रतिशत रह गया है, जिससे बैंकों के कासा डिपॉजिट में कमी आई है। ऐसी डिपॉजिट में ग्राहकों को कम ब्याज दिया जाता है, जिसके कारण यह बैंक के लिए मुफीद होती है। बहरहाल, इसके बाद भी बैंकों के पास उधारी में तेजी लाने के लिए पर्याप्त पूंजी उपलब्ध है। पिछले 3 सालों में अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में कुल ऋण में वृद्धि दर घटकर 30 मई, 2025 को समाप्त हुए पखवाड़े में 8.97 प्रतिशत रह गई, जिसका प्रमुख कारण पूँजी की कमी और हाल ही में माइक्रोफाइनेंस क्षेत्र में बैंकों के गैर निष्पादित संपत्ति (एनपीए) राशि में इजाफा होने के कारण विशेष सतर्कता बरतना है।

इस क्षेत्र में सकल एनपीए चालू वित्त वर्ष के अंत तक बढ़कर 16 प्रतिशत होने का अनुमान है, जो पिछले वित्त वर्ष के 8.8 प्रतिशत से लगभग दोगुना है। इसलिए, बैंक परिसंपत्ति की गुणवत्ता को प्राथमिकता दे रहे हैं। साथ ही,वे अंडरराइटिंग मानकों को लगातार सख्त बना रहे हैं, ताकि एनपीए में वृद्धि न हो। कुल उधारी में वृद्धि की धीमी गति के कारण बकाया ऋण भुगतान अनुपात (एलडीआर) घटकर 78.9 प्रतिशत रह गया। इन्क्रीमेंटल एलडीआर भी 1 साल पहले के 98.9 प्रतिशत से घटकर 72.7 प्रतिशत रह गया। बता दें कि यह किसी बैंक के कुल ऋणों और उसकी कुल जमा राशि के बीच का अनुपात होता है, जो किसी बैंक की तरलता और वित्तीय सेहत को मापने के लिए एक महत्वपूर्ण संकेतक है।

पिछले साल की समान अवधि में जमा वृद्धि की तुलना में ऋण वृद्धि काफी अधिक रही और इसमें 700 आधार अंकों का अंतर रहा, जिसके कारण बैंकिंग प्रणाली में एलडीआर में उल्लेखनीय वृद्धि हुई. बैंकों में कुल जमा वृद्धि पिछले साल के मुकाबले 9.9 प्रतिशत की दर से बढ़ा, जो कुल ऋण वृद्धि दर से 100 आधार अंक अधिक था। इससे पहले मार्च 2022 में कुल ऋण




वृद्धि 9 प्रतिशत से नीचे रही थी। केंद्रीय बैंक के अनुसार बैंकिंग प्रणाली में कुल जमा राशि 231.7 लाख करोड़ रुपये थी, जबकि कुल ऋण 182.8 लाख करोड़ रुपये था। पिछले साल जुलाई महीने से ऋण वृद्धि में नरमी आई, जिसका प्रमुख कारण उधारी दर का अधिक होना था।स्थिति पर काबू पाने के लिए वर्ष 2025 में फरवरी महीने से अब तक रेपो दर में कुल 100 आधार अंकों की कटौती की गई है। फिर भी, फरवरी तक ऊंचे ब्याज दर के कारण कई कोर्पोरेट्सने विदेशों के ऋण पूंजी बाजार की तरफ रुख किया।

शीर्ष रेटिंग वाली कंपनियां तो अभी भी सस्ती दर पर उधारी पाने के लिए बैंकों के मुकाबले डेट पूंजी बाजार जैसे विकल्प को प्राथमिकता दे रहे हैं। विदेशों के ऋण पूंजी बाजार, वैसे वित्तीय बाजार हैं, जहाँ सरकार और कंपनियाँ विभिन्न देशों में निवेशकों को बॉन्ड और ऋण जैसे वित्तीय साधन बेचकर धन जुटाती हैं। इन बाजारों के माध्यम से, कंपनियां विस्तार के लिए पूंजी जुटा सकती हैं, जबकि निवेशक ब्याज के रूप में आय अर्जित कर सकते हैं। इस साल दीवाली में कारोबार पिछले साल के मुकाबले 25 प्रतिशत के उछाल के साथ 5.40 लाख करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया, जबकि सेवाओं में 65,000 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई। यह आंकड़ा दर्शाता है कि इस साल भी हमनें चाइना मेड उत्पादों की जगह मेड इन इंडिया उत्पादों को तरजीह दी है। उल्लेखनीय है कि विगत वर्ष दीवाली में कारोबारियों का कारोबार 4.25 लाख करोड़ रुपये का हुआ था।फिलहाल, मामले में बैंक ऋण के आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं, लेकिन इतना निश्चित रूप से कहा जा सकता है कि दीवाली में हुई बिक्री में बैंक उधारी का बड़ा योगदान रहा है, जिसका पता आगामी पखवाड़े में रिजर्व बैंक द्वारा जारी आंकड़ों से चलेगा।

केंद्र सरकार की सकारात्मक प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष कर नीतियों से कर प्रणाली सरल, पारदर्शी और व्यापार-अनुकूल हुई है. जीएसटी और प्रत्यक्ष करों में सुधार से उपभोक्ता खर्च, निवेश, और आर्थिक गतिविधियों और विकास को बढ़ावा मिल रहा है। कर दरों को तर्कसंगत बनाने, अनुपालन को सरल करने और एक स्थिर कर नीति को लागू करने से भारत वैश्विक व्यापार और निवेश के लिए एक मजबूत केंद्र बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है. बाईस सितंबर से जीएसटी की नई दरें लागू हुई हैं, जिससे निरंतर बचत और व्यय को बढ़ावा मिल रहा है. आयकर के तहत भी नई कर व्यवस्था से मध्यम वर्ग को राहत मिली है. रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति से महंगाई काबू में आई है और रेपो दर में इस साल 100 आधार अंकों की कटौती से बैंकों ने खुदरा और कॉरपोरेट दोनों उधारकर्ताओं के लिए ऋण को सस्ता किया है, जिससे आर्थिक गतिविधियों को बढ़ाने में मदद मिल रही है।

केंद्रीय बैंक ने अर्थव्यवस्था में ऋण प्रवाह को बढ़ावा देने और बैंकिंग लागत को कम करने के के लिए हाल में कई सुधारों को भी अमलीजामा पहनाया है, जिनमें बैंकों को गैर-वित्तीय क्षेत्र की भारतीय कंपनियों के अधिग्रहण के लिए रकम मुहैया कराना, प्रतिभूतियों के एवज में ऋण एवं आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के वित्तपोषण की अधिकतम सीमा बढ़ाना और गृह ऋण और अन्य ऋणों पर जोखिम भार में बदलाव शामिल हैं। निष्कर्ष के तौर पर कह सकते हैं कि त्योहारी सीजन, करों को युक्तिसंगत बनाने, राजकोषीय और मौद्रिक मोर्चों पर लिए गए नीतिगत निर्णयों से चालू वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में बैंकों के ऋण वितरण और आर्थिक गतिविधियों दोनों में तेजी आने के आसार हैं।

(लेखक एसबीआई में एजीएम हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

मंथन
प्रो.(डॉ.) भारत



# सभ्य समाज की अमृतधारा संवाद, संवेदना व संस्कार

आज के इस बदलते युग में, जहां सूचना और तकनीक ने दुनिया को एक क्लिक की दूरी पर ला दिया है, वहीं मनुष्य और मनुष्य के बीच का आत्मीय जुड़ाव कहीं खोता जा रहा है। संचार के साधन बढ़े हैं, पर संवाद की आत्मा क्षीण हो रही है। यह विडंबना हमारे समय की सबसे बड़ी चुनौती है। दरअसल, संवाद, संवेदना और संस्कार- ये तीन तत्व किसी भी सभ्य समाज की अमृतधारा हैं। इन्हीं के संतुलित संगम से एक सशक्त, मानवीय और विकसित भारत की आधारशिला रखी जा सकती है। लोकतंत्र का प्राणतत्व संवाद को लोकतंत्र की जीवनरेखा कहा जा सकता है। संवाद का अर्थ केवल बोलना नहीं, बल्कि सुनना, समझना और स्वीकारना भी है। यह विचारों के संघर्ष से नहीं, बल्कि उनके समन्वय से जन्म लेता है। जब व्यक्ति या समाज संवादहीन हो जाता है, तब संदेह, असहिष्णुता और विभाजन की दीवारें ऊँची हो जाती हैं। आज सोशल मीडिया और डिजिटल मंचों ने अभिव्यक्ति के अनेक अवसर दिए हैं, परंतु सार्थक संवाद की संस्कृति पीछे छूट गई है। एक क्लिक में मत व्यक्त हो जाता है, पर मन का संबंध नहीं बन पाता। लोकतंत्र तभी फलता-फूलता है जब नागरिक एक-दूसरे की बात सुनने, समझने और उसमें सामंजस्य खोजने की क्षमता रखते हों। परिवार से लेकर संसद तक, हर स्तर पर संवाद का जीवंत रहना ही सामंजस्यपूर्ण समाज की पहचान है।स ंवाद हमें विचारों की विविधता को स्वीकारने की शक्ति देता है। असहमति को विरोध नहीं, बल्कि वैचारिक विस्तार के रूप में देखने की दृष्टि संवाद से ही आती है। मानवीयता की धारा संवेदना सभ्य समाज का हृदय है। यह वह आंतरिक ऊर्जा है जो हमें दूसरों के सुख-दुःख से जोड़ती है, हमें आत्मकेंद्रित होने से रोकती है और समाज के व्यापक हित की ओर प्रेरित करती है। संवेदनशील व्यक्ति न केवल अपने अधिकारों के प्रति सजग होता है, बल्कि दूसरों के अधिकारों की भी रक्षा करता है। आज जब उपभोक्तावाद और भौतिकता ने जीवन को यांत्रिक बना दिया है, तब संवेदना ही हमें मानव बनाए रखने का सबसे बड़ा साधन है। चाहे पर्यावरण संरक्षण की बात हो, सामाजिक न्याय की, लैंगिक समानता की या निर्धन वर्ग के उत्थान की—इन सबके केंद्र में संवेदना ही है। संवेदना के बिना हुआ विकास अधूरा है, क्योंकि उसमें मानवीय मूल्यों का स्पंदन नहीं रहता। संस्कृति की आत्मा संस्कार किसी राष्ट्र की सांस्कृतिक चेतना का केंद्र हैं। वे केवल परंपराओं का पालन नहीं, बल्कि मूल्य आधारित जीवन का मार्गदर्शन हैं। संस्कार व्यक्ति को अनुशासन, सत्यनिष्ठा, सहिष्णुता और करुणा की ओर प्रेरित करते हैं।

संस्कारित नागरिक ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण कर सकता है। विद्यालय, परिवार और समाज मिलकर व्यक्ति में ऐसे संस्कारों का बीजारोपण करते हैं जो उसे कर्तव्यपरायण नागरिक बनाते हैं। आज जब नैतिक मूल्य चुनौतियों के दौर से गुजर रहे हैं, तब संस्कार ही वह दीपक हैं जो अंधकार के बीच भी मार्ग दिखाते हैं। भारतीय परंपरा में शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण रहा है। यही कारण है कि हमारे गुरुकुलों से लेकर आधुनिक विश्वविद्यालयों तक, शिक्षा को 'विद्या ददाति विनयम्' अर्थात विद्या विनम्रता देती है... के रूप में देखा गया। संस्कार विनम्रता और संयम के माध्यम से व्यक्तित्व को संतुलन प्रदान करते हैं। अमृतधारा का समन्वयः समरस समाज की आधारशिलासंवाद, संवेदना और संस्कार- तीनों स्वतंत्र नहीं, परस्पर पूरक हैं। संवाद हमें जोड़ता है, संवेदना हमें जगाती है और संस्कार हमें दिशा देते हैं। इन तीनों का प्रवाह समाज में जितना सशक्त होगा, उतनी ही उसकी समरसता गहरी होगी। आज के भारत को केवल आर्थिक रूप से नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और नैतिक रूप से भी विकसित बनने की आवश्यकता है। तकनीकी प्रगति तभी सार्थक है जब उसमें मानवीयता की गंध बनी रहे। अगर संवाद की ऊष्मा, संवेदना की कोमलता और संस्कारों की दृढ़ता हमारे सामाजिक जीवन में पुनः स्थापित हो जाए, तो विभाजन की रेखाएं स्वतः मिट जाएंगी और समरसता का प्रवाह तीव्र हो उठेगा। भारतीय जीवन-दर्शन की पुनर्स्थापनासंवाद, संवेदना और संस्कार केवल शब्द नहीं, बल्कि भारतीय जीवन-दर्शन के तीन स्तंभ हैं। इनकी पुनर्स्थापना ही हमारे राष्ट्र के आत्मबोध की पुनर्जागृति है। आज जब विश्व दिशाहीनता से जूझ रहा है, तब भारत के पास वह आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पूंजी है जो विश्व को नया मार्ग दिखा सकती है। यदि हर नागरिक इन तीनों मूल्यों को अपने जीवन में आत्मसात कर ले... संवाद से सहमति का पुल बनाए, संवेदना से करुणा का विस्तार करे और संस्कार से आचरण को उज्ज्वल बनाए तो भारत पुनः 'विश्वगुरु' के रूप में उभरेगा।

(लेखक पंजाब विवि चंडीगढ़ में वरिष्ठ प्रवक्ता हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## जीवन का विकास ऊर्ध्वगामी स्वरूप में होता है



संकलित
दर्शन

जिस प्रकार संपूर्ण जीवन का विकास ऊर्ध्वगामी स्वरूप में होता है, उसी प्रकार मनुष्यों का विकास भी प्रारंभिक मानवीय प्रतिभाओं से आरंभ होकर विकास की उच्चतर अवस्थाओं तक होता है। उनकी क्षमता एक जन्म के बाद दूसरे जन्म में निरंतर और अधिकाधिक विकसित होती रहती है। संपूर्ण मानव जाति विकास एवं प्रतिविकास के चक्रों से गुजरती रहती है, जिन्हें शास्त्रों में युगों के नाम से संबोधित किया जाता है। उनका आरोहण और अवरोहण होता रहता है। इस समय हम एक ऐसे युग में हैं, जो आरोहण की अवस्था में है। दूसरे शब्दों में, वर्तमान काल में जन्म लेने वाले आत्माएं अपने दादा-दादी और परदादा-परदादी की अपेक्षा विकास की उच्चतर अवस्था में हैं।- आज के बच्चों को देखें, उनके अंदर स्वाभाविक रूप से यह भावना है-, 'नहीं, केवल किसी की त्वचा के रंग के कारण मेरे हृदय में उनके प्रति घृणा उत्पन्न नहीं होगी,' और इन बच्चों के हृदयों में एक अन्य प्रकार की मानवीय अज्ञानता के प्रति एक स्वाभाविक अस्वीकृति है, जिसमें संपूर्ण विश्व के सभी देशों में पुरानी पीढ़ियां दृढ़तापूर्वक विश्वास करती थीं। यह लगभग ऐसा है कि जैसे वे पहले से ही थोड़ी-बहुत तैयारी करके आते हैं। मेरे विचार से, जब आपकी आयु मेरी वर्तमान आयु के बराबर होगी, तो संभवतः आप और भी बहुत अधिक विकास को देखेंगे। तब आप पीछे मुड़कर देखेंगे और कहेंगे, 'ओह, उन पिछली पीढ़ियों के लोग ऐसे कैसे हो सकते थे?'


## क्या भगवान का अस्तित्व है?



संकलित
प्रेरणा

एक बार एक व्यक्ति नाई की दुकान पर अपने बाल कटवाने गया। तभी नाई ने कहा- मैं भगवान के अस्तित्व को नहीं मानता और इसीलिए तुम मुझे नास्तिक भी कह सकते हो। तुम ऐसा क्यों कह रहे हो व्यक्ति ने पूछा। नाई ने कहा- बाहर जब तुम सड़क पर जाओगे तो तुम समझ जाओगे कि भगवान का अस्तित्व नहीं है। अगर भगवान होते, तो क्या इतने सारे लोग भूखे मरते? क्या इतने सारे लोग बीमार होते? व्यक्ति ने थोड़ा सोचा लेकिन वह वाद-विवाद नहीं करना चाहता था। नाई ने अपना काम खत्म किया और वह व्यक्ति नाई को पैसे देकर दुकान से बाहर आ गया। वह जैसे ही नाई की दुकान से निकला, उसने सड़क पर एक लम्बे-घने बालों वाले एक व्यक्ति को देखा जिसकी दाढ़ी भी बढ़ी हुई थी और ऐसा लगता था शायद उसने कई महीनों तक अपने बाल नहीं कटवाए थे। वह व्यक्ति वापस मुड़कर नाई की दुकान में दुबारा घुसा और उसने नाई से कहाः क्या तुम्हें पता है? नाइयों का अस्तित्व नहीं होता। नाई ने कहा- तुम कैसी बेकार बातें कर रहे हो? क्या तुम्हे मैं दिखाई नहीं दे रहा? मैं यहां हूं और मैं एक नाई हूँ। और मैंने अभी अभी तुम्हारे बाल काटे है। व्यक्ति ने कहा- नहीं! नाई नहीं होते हैं। अगर होते तो क्या बाहर उस व्यक्ति के जैसे कोई भी लम्बे बाल व बढ़ी हुई दाढ़ी वाला होता? नाई ने कहा- अगर वह व्यक्ति किसी नाई के पास बाल कटवाने जाएगा ही नहीं तो नाई कैसे उसके बाल काटेगा?

## अंतर्मन




### आज की पाती

**शब्दों का अधूरा ज्ञान सोच की अधूरी उड़ान**

आज के दौर में हमारी बोलचाल की भाषा एक अजीब से मिश्रण में बदल गई है आधी हिंदी, आधी अंग्रेजी। असल में यह हमारी भाषाई जड़ों को कमजोर कर रही है। बच्चे और युवा अब किसी भी भाषा में पूरी तरह निपुण नहीं रह गए हैं। वे न तो शुद्ध हिंदी बोल पाते हैं, न ही सटीक अंग्रेजी में अपने विचार रख पाते हैं। आज की पीढ़ी तकनीक में माहिर है, पर अपनी मातृभाषा के अंकों में उलझ जाती है। जब बच्चों से पूछा जाए कि 'चोवन' या 'इक्यावन' कौन सा अंक है, तो वे हिचकिचा जाते हैं। यह स्थिति केवल शिक्षा की नहीं, दिशा की कमी को भी दर्शाती है। हमें यह समझना होगा कि भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि पहचान का दर्पण है। हमें इस आधी अधूरी भाषा के चलन को तोड़ना होगा। *- पीयूष जोशी, रायपुर*

### करंट अफेयर

## भारत की सौर परियोजना से 10 देशों की इमारतें रोशन


संयुक्त राष्ट्र में भारतीय दूतावास ने कहा है कि भारत ने संयुक्त राष्ट्र के सहयोग से प्रशांत क्षेत्र के 10 द्वीपीय देशों में 12 सार्वजनिक इमारतों को सौर ऊर्जा से रोशन किया। यह पहल 15 करोड़ अमेरिकी डॉलर के 'भारत-संयुक्त राष्ट्र विकास साझेदारी कोष' के तहत कार्यान्वित की गई। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन ने मंगलवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि कोष 'हरित ऊर्जा समाधान'' पेश कर रहा है। प्रशांत महासागर के 10 देशों में 12 सार्वजनिक भवनों में सौर ऊर्जा प्रदान की गई है। परियोजना के तहत 74 स्थानीय तकनीशियनों को प्रशिक्षण दिया गया है।' संयुक्त राष्ट्र के दक्षिण-दक्षिण सहयोग कार्यालय (यूएनओएसएससी) ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि इस परियोजना के तहत 74 स्थानीय तकनीशियनों को प्रशिक्षित किया गया है, 16,500 से अधिक लोग लाभान्वित हुए हैं और 25 वर्षों में लगभग 9,600 टन कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन से बचने में मदद मिलेगी। यूएनओएसएससी ने अपनी वेबसाइट पर इस बात को रेखांकित किया कि कोष ने विकासशील दुनिया में, विशेष रूप से उन देशों में जहां नवीकरणीय ऊर्जा संसाधनों तक सीमित पहुंच है, स्वच्छ ऊर्जा विकल्पों को समर्थन देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।



### ऑफ बीट

## क्या सैन्य तरीके अपनाने से दो मिनट में नींद आ सकती है

अक्सर एक सलाह होती है सोने के लिए सेना में अपनाए जाने वाले तरीके को आजमाने की। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या इस सलाह से आम लोगों को फायदा होता है। सोशल मीडिया पर कई तरह की बातें कही जाती हैं, जिनमें यह दावा भी शामिल है कि इस तरीके को अपनाने से आपको केवल दो मिनट में नींद आ सकती है। यह बात सुनने में तो बहुत अच्छी लगती है। इस तरीके का उद्देश्य वातावरण की परवाह किए बिना सैन्यकर्मियों के शरीर को नींद के लिए तैयार करने में मदद करना है। इस पद्धति का पहला उल्लेख 'रिलैक्स एंड विन' नामक खेल पुस्तक में मिलता है। इससे जुड़ी जानकारियां स्रोत के आधार पर थोड़ी भिन्न हो सकती हैं। लेकिन तीन प्रमुख घटक समान रहते हैं- 'प्रोग्रेसिव मसल रिलेक्सेशन' (पीएमआर): पीएमआर के जरिये शरीर की विभिन्न मांसपेशियों को सिकोड़कर शिथिल किया जाता है। इसकी शुरुआत चेहरे की मांसपेशियों से की जाती है और फिर कंधों, बाजुओं, छाती व पैरों की मांसपेशियों को आराम दिया जाता है। 'कंट्रोल्ड ब्रीदिंग': इसमें सांस को धीमा और नियंत्रित किया जाता है और लंबी सांस छोड़ने पर जोर दिया जाता है।



### ट्रेंड

**'जोरे साहिब' के दर्शन**



गुरु चरण यात्रा श्री गुरु गोबिंद सिंह जी और माता साहिब कौर जी के महान आदर्शों से हमारा जुड़ाव और गहरा करे, यही कामना है। मैं उन क्षेत्रों के लोगों से आग्रह करता हूँ जहाँ यह यात्रा जाएगी, वे पवित्र 'जोरे साहिब' के दर्शन करने अवश्य आएँ।
**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

**हितधारकों के साथ चर्चा**



विकासात्मक मुद्दों पर कार्बी आंगलोंग के हितधारकों के साथ चर्चा की। यह क्षेत्र तेजी से विकास और युवाओं के लिए नए अवसरों के द्वार खोलने वाला है और हम यह सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं कि यह क्षेत्र शांतिपूर्वक समृद्ध हो।
**- हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम**

**छठ स्थलों पर तैयारियां**



राजधानी के विभिन्न इलाकों में छठ स्थलों पर तैयारियां तीव्र गति से चल रही हैं। तमाम व्यवस्थाएं उच्चतम मानकों पर सुनिश्चित की जा रही हैं। दिल्ली में इस बार छठ महापर्व केवल आस्था का नहीं, बल्कि अपनत्व, स्वच्छता और समरसता का महाउत्सव होगा।
**- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

**इंडिया गठबंधन एकजुट**



तेजस्वी यादव के साथ बेहद सकारात्मक मुलाकात हुई। बिहार में इंडिया गठबंधन पूरी तरह एकजुट है एवं मजबूती से चुनाव लड़ रहा है। कल महागठबंधन की प्रेस कॉन्फ्रेंस में पूरी स्थिति स्पष्ट हो जाएगी।
**-अशोक गहलौत, पूर्व सीएम, राजस्थान**

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com





## खबर संक्षेप

### बंगाल के 1000 बीएलओ को 'कारण बताओ' नोटिस

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में करीब 1000 बीएलओएस को चुनावी कामकाज से जुड़ी लापरवाही के लिए नोटिस जारी किए गए हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इन अधिकारियों ने चुनाव संबंधी निर्देशों का पालन नहीं किया जो जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 के तहत जरूरी है। संबंधित निर्वाचन रजिस्ट्रेशन अधिकारी की बार-बार की अपील के बावजूद इन बीएलओएस ने अब तक ईआरओ-नेट पोर्टल पर खुद को पंजीकृत नहीं किया। इसी वजह से उन्हें नोटिस भेजे गए हैं। नोटिस में कहा गया है कि ये आचरण 'जानबूझकर की गई लापरवाही' और 'कर्तव्य में गंभीर चूक' के समान है। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 32 के अनुसार चुनावी कार्य में लगे सभी अधिकारियों को ईसीआई के निर्देशों का पालन करना अनिवार्य है।

### केरल मंदिर अधिग्रहण विवाद : मालाबार देवस्वोम बोर्ड को नोटिस

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कासरगोड के त्रिचंबरम स्थित मुलंगेश्वरम शिव मंदिर के लिए कार्यकारी अधिकारी की नियुक्ति पर यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया है। शीर्ष अदालत का यह आदेश उन आरोपों के बीच जब केरल सरकार द्वारा नियंत्रित मालाबार देवस्वोम बोर्ड मंदिर का प्रबंधन अपने हाथ में लेने की कोशिश की जा रही है। शीर्ष अदालत तालीपरम्बा क्षेत्र संरक्षण समिति की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। बता दें, तलीपरम्बा क्षेत्र संरक्षण समिति चार दशकों से ज्यादा समय से मंदिर का प्रबंधन करने का दावा करती है।

## 'इंडिया' में सीट शेयरिंग को लेकर चल रहा है घमासान

# तेजस्वी ने अकेले ही किए 3 बड़े ऐलान गठबंधन पर बोलने से किया इंकार

**12 सीटों पर महागठबंधन के दल एक-दूसरे के खिलाफ लड़ रहे हैं चुनाव**

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए कई बड़े चुनावी ऐलान किए हैं। उन्होंने कहा कि जीविका दीदियों को हम लोग 30 हजार वेतन और सरकारी कर्मचारी दर्जा देंगे। इसके साथ ही उन्होंने ऐलान किया कि हमारी सरकार बनने के बाद सभी संविदा कर्मियों को स्थाई किया जाएगा। इस पहले तेजस्वी ने पहला चुनावी वादा करते हुए कहा था कि हमारी सरकार बनने के बाद 20 महीने के अंदर हर परिवार में सरकारी नौकरी होगी।

उन्होंने आगे कहा कि महिलाओं को 10 हजार रुपये रिश्वत के तौर पर देने का काम किया गया, जिसे यह सरकार वापस कराएगी। तेजस्वी ने बुधवार सुबह प्रेस कॉन्फ्रेंस की। हालांकि, उन्होंने गठबंधन पर कुछ भी कहने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा- गठबंधन पर कल बात करेंगे। 12 सीटों पर महागठबंधन के दल एक-दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं।

### मौजूदा सरकार से पूरा बिहार गुस्से में

तेजस्वी ने कहा कि मौजूदा सरकार से पूरा बिहार गुस्से में है, डबल इंजन की सरकार में भ्रष्टाचार और अपराध है। इस सरकार ने हमारी योजनाओं की नकल की। तेजस्वी यादव ने कहा कि नामांकन का दौर खत्म हो चुका है और अब चुनाव प्रचार का समय आ गया है। बिहार की जनता ने परिवर्तन का मन बना लिया है और लोग डबल इंजन की सरकार से त्रस्त हैं। बेरोजगारी और महंगाई से परेशान जनता के लिए उन्होंने कई घोषणाएं की थीं, लेकिन वर्तमान सरकार ने उनकी योजनाओं की नकल की। तेजस्वी यादव ने कहा, 'दौरे के वक्त मुझसे जीविका दीदियों का समूह मिला था, जिनकी बातें सुनकर उन्होंने यह फैसला किया है। जीविका दीदियों को दिए गए ऋण भी माफ किए जाएंगे। उन्हें ब्याज मुक्त ऋण दिया जाएगा, और 2 साल तक के लोन पर कोई ब्याज नहीं लगेगा।

### बिहार विधानसभा चुनाव

6 व 11 नवंबर को दो चरणों में होंगे मतदान



### 'बेटी' और 'मां' योजना

तेजस्वी ने महिलाओं के लिए 'बेटी' योजना लाने की घोषणा की। इसके अलावा, उन्होंने 'मां' योजना लाने का भी ऐलान किया है, जिसका अर्थ उन्होंने इस प्रकार बताया: एम से मकान, ए से अन्न, और ए से आमदनी. यह जीविका दीदियों के बाद उनकी दूसरी सबसे बड़ी घोषणा है, जो महिलाओं को ध्यान में रखकर की गई है। यादव ने संविदा कर्मियों के लिए भी ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि अगर उनकी सरकार आती है, तो संविदा कर्मियों को स्थाई किया जाएगा। उन्होंने वादा किया कि संविदा कर्मियों की नौकरी को भी स्थाई कर दिया जाएगा।

### सीटों पर तनातनी बढ़ी: लालू-तेजस्वी से मिले गहलोत, आज संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस

बिहार चुनाव से पहले महागठबंधन में कांग्रेस और राजद के बीच सीटों और साझा घोषणा पत्र को लेकर खींचतान बढ़ गई है। मामला सुलझाने के लिए कांग्रेस आलाकमान ने अशोक गहलोत को पटना भेजा है। गहलोत बुधवार सुबह पटना पहुंचे। उन्होंने राजद प्रमुख तेजस्वी यादव और लालू यादव से उनके आवास पर एक घंटे मुलाकात की। गहलोत ने कहा, 'हमारी लालू जी और तेजस्वी यादव से अच्छी बातचीत हुई है। कल एक प्रेस कॉन्फ्रेंस होगी और सब कुछ स्पष्ट हो जाएगा।' उन्होंने कहा कि हम एनडीए के खिलाफ मजबूती से चुनाव लड़ने जा रहे हैं। राहुल गांधी और तेजस्वी यादव मिलकर चुनाव अभियान की शुरुआत करेंगे। बिहार में कुल 243 सीटें हैं, और कभी-कभी 5-7 सीटों पर दोस्ताना मुकाबला हो सकता है। हम साथ मिलकर प्रचार करेंगे और चुनाव जीतेंगे।' मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक,कांग्रेस के वरिष्ठ नेता केसी वेणुगोपाल ने भी तेजस्वी से बात की है।



## बिहार विधानसभा चुनाव

# पहले चरण में नीतीश की अग्निपरीक्षा, आधे से ज्यादा विधायक इन्हीं सीटों से



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण की 121 सीट पर 6 नवंबर को मतदान है। सीएम नीतीश कुमार के सियासी भविष्य का फैसला पहले चरण के चुनाव से तय हो जाएगा, क्योंकि जेडीयू अपने कोटे की आधे से ज्यादा सीटों पर मैदान में है। जेडीयू का ज्यादातर सीटों पर मुकाबला आरजेडी से है। इस तरह जेडीयू के लिए पहला चरण का चुनाव करो या मरो वाली स्थिति से कम नहीं है। जेडीयू बिहार में कुल 101 सीट पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं, जिनमें पहले चरण में 57 और दूसरे चरण की 44 सीट पर किस्मत आजमा रही है। यही नहीं, जेडीयू के 2020 में जीते 43 विधायकों में से 23 विधायक यानी आधे से ज्यादा पहले चरण वाली सीटों से जीतकर आए थे। इस लिहाज से समझा जा सकता है कि जेडीयू के लिए पहले फेज का चुनाव कितना अहम है।

### जेडीयू की आरजेडी से असल चुनावी लड़ाई

पहले चरण के चुनाव में असल लड़ाई जेडीयू की है, जिसमें महागठबंधन के आरजेडी से कांग्रेस और लेफ्ट तक से उसे दो-दो हाथ करना पड़ रहा है। पहले चरण की जिन 121 सीटों पर मतदान होना है, उनमें 57 सीटों पर जेडीयू चुनाव लड़ रही है। जेडीयू की पहले चरण की 36 सीटों पर आरजेडी से सीधी लड़ाई है और 13 सीट पर कांग्रेस से मुकाबला है। इसके अलावा सात सीट पर जेडीयू की लड़ाई सीपीआई माले से है और दो सीटों पर मुकेश सहनी की पार्टी वीआईपी के साथ फाइट है। वहीं, 23 सीट पर आरजेडी और बीजेपी के बीच मुकाबला है तो कांग्रेस और बीजेपी के बीच पहले चरण में सिर्फ 13 सीटों पर सीधी लड़ाई है। चिराग पासवान की पार्टी एलजेपी (आर) की 10 सीटों पर आरजेडी से सीधा मुकाबला करना पड़ रहा है तो भाकपा-माले पांच सीट पर बीजेपी से दो-दो हाथ करेगी। मुकेश सहनी की पार्टी वीआईपी चार सीट पर बीजेपी के उम्मीदवार से मुकाबला कर रही है, तो उपेंद्र कुशवाहा की आरएलएम के दोनों उम्मीदवारों का मुकाबला आरजेडी प्रत्याशी से है।

# रेलवे कर रहा 12 हजार स्पेशल ट्रेनों का संचालन

*उत्तर पश्चिम रेलवे के जीएम ने लिया जयपुर रेलवे स्टेशन का जायजा*

**बिलासपुर।** रेल प्रशासन ने दीपावली छठ पूजा और अन्य पर्व को देखते हुए विशेष प्रबंध करने के उपरांत 12 हजार स्पेशल ट्रेन का संचालन शुरु किया है। इसके तहत उत्तर पश्चिम रेलवे ने भी यात्रियों की भीड़ को देखते हुए विभिन्न गंतव्य स्थानों के लिए 104 स्पेशल ट्रेनों के 968 फेरों का संचालन करने के साथ 60 नियमित ट्रेनों में 175 अतिरिक्त कोच जोड़ा है और प्रमुख स्टेशनों पर भीड़ नियंत्रित करने के विशेष प्रबंधन किए हैं।



उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अमिताभ ने यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करने बुधवार को गांधीनगर जयपुर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। रेलवे सुरक्षा बल कंट्रोल रूम से यात्री सुरक्षा की मानिटरिंग की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश देने के अलावा स्टेशन परिसर, प्लेटफार्म, सफाई व्यवस्था एवं सेकेंड एंट्री का निरीक्षण करने के अलावा यात्रियों को बेहतर सुविधा प्रदान करने संबंधित अफसरों को निर्देशित किया। उन्होंने बताया कि गांधीनगर जयपुर शहर का मुख्य स्टेशन है और शहर के मध्य में रहने वाले निवासी इस स्टेशन से सफर करते हैं। स्टेशन से आरक्षित श्रेणी में सफर करने वाले यात्रियों की संख्या अधिक है। यह स्टेशन काफी व्यवस्थित है, जिससे स्टेशन पर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करना आसान रहता है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशि किरण के अनुसार त्यौहार के समय स्टेशन पर यात्री भार को ध्यान में रखते हुए भीड़ नियंत्रित करने विशेष व्यवस्थाएं की गई है। अनावश्यक भीड़ को रोकने प्लेटफार्म टिकिट को प्रतिबंधित किया गया है। स्टेशन परिसर में यात्रियों को रोकने होल्डिंग एरिया बनाए गए हैं। स्टेशन पर टीम बनाकर यात्रियों की सहायता की जा रही है। उन्होंने बताया कि उत्तर पश्चिम रेलवे पर 1 से 21 अक्टूबर तक 39 स्पेशल ट्रेन के 102 फेरों का संचालन किया गया, जिसमें 1.26 लाख आरक्षित श्रेणी के यात्रियों ने सफर किया। 175 नियमित रेल सेवाओं के 1924 फेरों में करीब 22 लाख आरक्षित श्रेणी में यात्रियों ने सफर किया। अतिरिक्त यात्रियों को राहत प्रदान करने 175 कोच की अस्थायी बढ़ोत्तरी की गई है। रेलवे नियमित यात्री भार की मानिटरिंग कर रही है और आवश्यकतानुसार स्पेशल रेल सेवाओं का संचालन एवं रेल सेवाओं में अतिरिक्त कोच जोड़े जा रहे हैं।

### चीन ने भारत की डब्लूटीओ में दर्ज कराई शिकायत

**नई दिल्ली।** चीन ने भारत के खिलाफ विश्व व्यापार संगठन में दर्ज कराई शिकायत है। चीन ने भारत के एडवांस्ड केमिस्ट्री सेल बैटरी, मोटर व्हीकल के प्रोडक्शन से जुड़ी पीएलआई स्कीम और इलेक्ट्रिक व्हीकल्स की मैन्यूफैक्चरिंग को बढ़ावा देने की पॉलिसी की कुछ शर्तों को वैश्विक व्यापार नियमों का उल्लंघन बताते हुए विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में शिकायत दर्ज कराई है। जिनेवा स्थित विश्व व्यापार संगठन के एक लेटर के अनुसार, चीन ने विश्व व्यापार संगठन के विवाद निपटान तंत्र के तहत इन उपायों पर भारत के साथ परामर्श की मांग की है। चीन ने कहा कि भारत द्वारा अपनाए गए उपाय आयातित वस्तुओं की तुलना में घरेलू वस्तुओं के उपयोग पर निर्भर हैं और चीन में बने सामानों के साथ भेदभाव करते हैं।


## राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, तिरूपति
## NATIONAL SANSKRIT UNIVERSITY, TIRUPATI
**(संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)**

**भर्ती अधिसूचना / RECRUITMENT NOTIFICATION**

**दिनांक: 18-10-2025**

राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, तिरुपति, भारतीय नागरिकों से शिक्षण एवं गैर-शिक्षण पदों पर सीधी भर्ती हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है।

**गैर-शिक्षण पद (सीधी भर्ती)**

| क्र. सं. | पद का नाम | रिक्त पदों की संख्या | पदों की संख्या एवं आरक्षित श्रेणियां | | | | | | वेतन मैट्रिक्स में स्तर (7वां सीपीसी) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अ.जा. | अ.ज.जा. | अ.पि.व. | शा.वि. | ईडब्ल्यूएस | अनार. | |
| **कार्यकाल पद** (विज्ञापन संख्या NSKTU/Admn./NT/2025/01, दिनांक 18-10-2025) | | | | | | | | | |
| 1. | परीक्षा नियंत्रक | 01 | – | – | – | – | – | 01 | 14 |
| 2. | वित्त अधिकारी | 01 | – | – | – | – | – | 01 | 14 |
| **सीधी भर्ती** (विज्ञापन संख्या NSKTU/प्रशासन/NT/2025/02, दिनांक 18-10-2025) | | | | | | | | | |
| 3. | लाइब्रेरियन | 01 | – | – | – | – | – | 01 | 14 |
| 4. | सहायक रजिस्ट्रार | 01 | – | – | – | – | – | 01 | 10 |
| 5. | व्यावसायिक सहायक | 01 | – | – | – | – | – | 01 | 06 |
| 6. | प्रयोगशाला सहायक (शिक्षा) | 01 | – | – | – | – | – | 01 | 04 |
| 7. | प्रयोगशाला सहायक (भाषा प्रयोगशाला एवं प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला) | 01 | – | – | – | – | – | 01 | 04 |
| 8. | उच्च श्रेणी लिपिक | 01 | – | – | – | – | – | 01 | 04 |
| 9. | पुस्तकालय परिचारक | 02 | – | – | – | – | – | 02 | 01 |
| 10 | समूह 'ग' एमटीएस | 01 | – | – | – | – | – | 01 | 01 |

**शिक्षण पद (सीधी भर्ती)**
(विज्ञापन संख्या .NSKTU/Admn./T/2025/03, दिनांक 18-10-2025)

| क्र. सं. | पद का नाम | रिक्त पदों की संख्या | पदों की संख्या एवं आरक्षित श्रेणियां | | | | | | शैक्षणिक वेतन स्तर (7वां सीपीसी) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अ.जा. | अ.ज.जा. | अ.पि.व. | शा.वि. | ईडब्ल्यूएस | अनार. | |
| 1. | योग विज्ञान में एसोसिएट प्रोफेसर | 01 | – | – | 01* | – | – | – | 13ए |
| 2. | आगम में एसोसिएट प्रोफेसर | 01 | – | – | – | – | – | 01 | 13ए |
| 3. | धर्मशास्त्र में सहायक प्रोफेसर | 01 | – | – | 01* | – | – | – | 10 |
| 4. | विशिष्टाद्वैत वेदांत में सहायक प्रोफेसर | 01 | – | – | 01* | – | – | – | 10 |
| 5. | साहित्य में सहायक प्रोफेसर | 02 | – | – | 01* | – | – | 01 | 10 |
| 6. | ज्योतिष एवं वास्तु में सहायक प्रोफेसर | 02 | – | – | 01 | – | – | 01 | 10 |
| 7. | अनुसंधान एवं प्रकाशन में सहायक प्रोफेसर | 01 | – | – | 01 | – | – | – | 10 |
| 8. | व्याकरण में सहायक प्रोफेसर | 01 | – | – | – | – | – | 01 | 10 |
| 9. | शिक्षा में सहायक प्रोफेसर | 02 | – | – | – | – | 01 | – | 10 |
| 10 | शब्दबोध प्रणाली एवं कम्प्यूटेशनल भाषाविज्ञान में सहायक प्रोफेसर | 01 | – | – | 01 | – | – | – | 10 |

*** बैकलॉग रिक्तियाँ**

शिक्षण और गैर-शिक्षण पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 30 नवंबर, 2025 है।

पदों, शैक्षणिक योग्यता, अनुभव और अन्य मानदंडों के विवरण के लिए, कृपया विश्वविद्यालय की वेबसाइट **http://www.nsktu.ac.in** देखें।

CBC 21364/12/0001/2526

कुलसचिव/Registrar


## तीन एपिसोड में नजर आएंगे दुनिया के प्रभावशाली उद्योगपति

# 'क्योंकि सास भी...' में होगा बिल गेट्स का कैमियो

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एक्ट्रेस व राजनेता स्मृति ईरानी के लीडिंग रोल वाला टीवी शो 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' में माइक्रोसॉफ्ट के को-फाउंडर और दुनिया के सबसे प्रभावशाली उद्योगपतियों में से एक बिल गेट्स कैमियो करने वाले हैं। जी हां, सुनने में थोड़ा अजीब जरूर लग रहा है, लेकिन ये सच है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, बिल गेट्स और स्मृति ईरानी ने साथ में एक खास सेग्मेंट शूट किया है। खास बात यह है कि बिल गेट्स सिर्फ एक झलक दिखाकर गायब नहीं होंगे, बल्कि वे तीन एपिसोड में नजर आएंगे। शो से जुड़े सूत्रों ने बताया कि कहानी में एक मोड़ ऐसा आएगा, जहां स्मृति और बिल गेट्स वीडियो कॉल पर बातचीत करते हुए दिखेंगे। यह बातचीत सिर्फ एक सामान्य चैट नहीं होगी, बल्कि इसमें एक गंभीर सामाजिक संदेश छिपा होगा।

**एक खास सेग्मेंट शूट किया है एक्ट्रेस स्मृति ईरानी ने साथ में**



**इस विषय पर होंगे ये तीन एपिसोड्स :** सूत्रों के मुताबिक, बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन लंबे समय से नवजात शिशुओं की मृत्यु दर को कम करने और उनके स्वास्थ्य को लेकर काम कर रहा है। यही विचार 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' में भी बुना गया है। शो के निर्माता और स्मृति चाहते हैं कि यह सीरियल केवल एंटरटेनमेंट तक सीमित न रहे, बल्कि समाज में जागरुकता फैलाने का जरिया भी बने। बताया जा रहा है कि इस खास सेग्मेंट में बिल गेट्स अपने फाउंडेशन के कार्यों और बच्चों के स्वास्थ्य से जुड़ी पहलों पर बात करेंगे, जबकि स्मृति ईरानी का किरदार इस संदेश को दर्शकों तक पहुंचाएगा। चैनल की कोशिश है कि सीरियल के जरिए सामाजिक मुद्दों पर बात हो, ताकि दर्शक मनोरंजन के साथ कुछ सीख भी ले सकें।

### पुरुषों के नजरिये को भी महत्व

दिलचस्प बात यह है कि शो ने सिर्फ महिलाओं से जुड़े विषय नहीं लिए, बल्कि पुरुषों की मुश्किलें भी दिखाई हैं। जैसे झूठे आरोप लगने पर एक औरत का ऐसे पुरुषों के लिए आवाज उठाना। स्मृति ने कहा कि टीवी और ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर अब ऐसे 'प्रगतिशील विषयों' को अपनाया जा रहा है। हम अब उस दौर में हैं जहां कलाकार बेखौफ होकर जरूरी बातें कहने लगे हैं। यह शो हर रात 10:30 बजे स्टार प्लस पर आता है, और जियोसिनेमा पर एक ही समय पर लाइव स्ट्रीम भी होता है।



## डॉक्टर्स सजेशन



**डॉ. आर. पी. सिंह** सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# ऑप्रेशन के बाद जब घुटने में फिर हो दर्द



**मेरी उम्र 54 वर्ष है। दो साल पहले घुटने का ऑप्रेशन करवाया था। कुछ समय से घुटने में फिर से दर्द हो रहा है। चलने-फिरने में तकलीफ हो रही है। मुझे क्या करना चाहिए?**

**-उमाशंकर, भोपाल**

आपने यह नहीं बताया है कि क्या हाल-फिलहाल में घुटने में चोट लगी है? क्योंकि ऐसे मामलों में चोट लगने से दोबारा दर्द शुरू हो जाता है। अगर ऐसा कुछ नहीं हुआ है तो जरूर आपको उन्हीं डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए, जिन्होंने आपका ऑप्रेशन किया था। वह एक्सरे कराकर दर्द का कारण पता लगाएंगे और फिर ट्रीटमेंट शुरू होगा। तब तक आप इस बात का ध्यान रखें कि ज्यादा तेज चलना या रनिंग ना करें और वजन भी ना उठाएं।

**मेरी उम्र 32 वर्ष है। सर्दियां शुरू होते ही मेरी एड़ियां फटने लगती हैं। पेट्रोलियम जैली या क्रीम लगाने से भी कोई खास फायदा नहीं होता। कृपया बताएं, इससे बचने के लिए क्या करूं?**

**-शोभित, रायपुर**

सर्दी के मौसम में यह समस्या बहुत आम हो जाती है, लेकिन ज्यादातर लोगों को क्रीम या जैली लगाने से आराम मिल जाता है। आप रात में सोने से पहले गर्म पानी से अपने पैर धुलें और पूरी तरह से उनको पोंछकर सुखा लें। फिर उसके बाद जैली लगाएं, इस तरह करने से आराम मिलेगा। अगर तब भी आराम नहीं मिले तो डॉक्टर से एक बार संपर्क कर लेना चाहिए।

**मेरी उम्र 46 वर्ष है। मैं जब भी गर्म पानी से नहाता हूं तो रैशेज हो जाते हैं। ऐसा क्यों होता है, इस समस्या का प्लीज समाधान बताएं।**

**-नीरज, भोपाल**

अगर आपको त्वचा से संबंधित कोई समस्या है तो आपको गर्म पानी से नहीं नहाना चाहिए। पानी का टेंप्रेचर नॉर्मल कर लेना चाहिए। यानी न ज्यादा ठंडा हो और न ज्यादा गरम। इस तरह के पानी से आपको नहाना चाहिए और नहाने के साथ ही पूरे शरीर पर नारियल का तेल लगा लेना चाहिए। इससे आपको आराम मिलेगा।

**मेरी उम्र 35 वर्ष है। पिछले कुछ महीनों से अकसर ही मेरी कमर और गर्दन में अकड़न बनी रहती है। कभी-कभी तेज दर्द भी होता है। कृपया मेरी इस प्रॉब्लम का सॉल्यूशन बताएं।**

**-नवीन, रोहतक**

आपने यह नहीं बताया कि आपका वर्क प्रोफाइल क्या है, यानी आप काम क्या करते हैं? अगर आपकी लंबी सिटिंग वाली जॉब है तो यह समस्या इसी वजह से हो सकती है। आपको फिजियोथेरेपिस्ट से पूछकर रेग्युलर सुबह-शाम एक्सरसाइज करनी चाहिए। इसके अलावा काम के दौरान बीच-बीच में टहल लेना चाहिए और पोश्चर सीधा रखना चाहिए। इस तरह करने से आपको आराम मिल सकता है।

**मेरी उम्र 62 वर्ष है। खाना ठीक से नहीं पचता। कभी लूज-मोशन तो कभी कॉन्सटिपेशन हो जाता है। कृपया इसका उपाय बताएं।**

**-सेवालाल, महेंद्रगढ़**

उम्र बढ़ने के साथ इस तरह की समस्या कई लोगों में शुरू हो जाती है। आपको अपने खान-पान पर ध्यान देना चाहिए, जैसे- खाने में सलाद जरूर शामिल करना चाहिए। अगर हो सके तो डेली दही भी जरूर खाना चाहिए। फल रेग्युलर खाना चाहिए। रात में हल्का आहार लेना चाहिए। अगर आराम ना हो तो डॉक्टर से संपर्क करें। *

**प्रस्तुति: रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

## मेडिकल एडवाइस

**विवेक शुक्ला**

आंकड़े बताते हैं दुनिया भर में हर साल स्ट्रोक से 70 लाख लोगों की मौत होती है और यह सिलसिला दिनों-दिन बढ़ता जा रहा है। 4 में से एक व्यक्ति को दूसरी बार स्ट्रोक होने का जोखिम बढ़ जाता है। एक समय तक यह माना जाता था कि स्ट्रोक (ब्रेन अटैक) 60 साल या इससे अधिक उम्र वाले लोगों की बीमारी है, लेकिन अब इस गंभीर स्वास्थ्य समस्या के मामले 35 से 50 साल की उम्र वालों में भी सामने आ रहे हैं। भारत में हर 40 सेकेंड में एक व्यक्ति स्ट्रोक से पीड़ित होता है।

स्पेशल: वर्ल्ड स्ट्रोक डे, 29 अक्टूबर

अमेरिका के हार्वर्ड मेडिकल स्कूल द्वारा किए गए एक अध्ययन के अनुसार अस्वास्थ्यकर जीवनशैली और तनाव का प्रबंधन नहीं कर पाने के कारण स्ट्रोक के मामले दुनिया भर में बढ़ रहे हैं। वैसे तो यह बेहद खतरनाक स्थिति होती है लेकिन अगर समय रहते ट्रीटमेंट मिल जाए तो जान बचाई जा सकती है। स्ट्रोक होने के कारणों, उसके रिस्क फैक्टर्स, उसके लक्षणों, उससे बचाव और उपचार के बारे में विस्तार से यहां बता रहे हैं।

# स्ट्रोक : जल्द से जल्द ट्रीटमेंट है जरूरी







### गंभीर मेडिकल कंडीशन है स्ट्रोक

वर्ल्ड स्ट्रोक ऑर्गेनाइजेशन के अनुसार, स्ट्रोक एक ऐसी आपातकालीन मेडिकल कंडीशन है, जिसमें मस्तिष्क की धमनी (आर्टरी) में रक्त की आपूर्ति अचानक अवरुद्ध हो जाती है या फिर धमनी फट जाती है। इन दोनों ही गंभीर स्थितियों में मस्तिष्क को रक्त की आपूर्ति न होने के कारण उसे ऑक्सीजन नहीं मिल पाती, जिसके परिणामस्वरूप दिमाग की कोशिकाएं (न्यूरॉन्स) मृत होने लगती हैं और मरीज 'कोमा' में जा सकता है। अगर समय रहते मरीज का उपयुक्त इलाज नहीं कराया जाए तो यह स्थिति उसके लिए जानलेवा बन सकती है।

### स्ट्रोक के प्रमुख प्रकार

स्ट्रोक के दो प्रमुख प्रकार इस्केमिक और हैमोरेजिक हैं। इस्केमिक स्ट्रोक के लगभग 85 प्रतिशत और हैमोरेजिक स्ट्रोक के लगभग 15 प्रतिशत मामले सामने आते हैं। स्ट्रोक के तीसरे प्रकार को ट्रांजियंट इस्केमिक अटैक (टीआई) कहा जाता है। इस्केमिक स्ट्रोक में मस्तिष्क की धमनियों में अचानक रक्त का प्रवाह अवरुद्ध हो जाता है। ट्रांजियंट इस्केमिक अटैक में मस्तिष्क की धमनियों में रक्त संचार अचानक कुछ समय (लगभग 1 घंटे से कम) के लिए बाधित हो सकता है। इस दौरान व्यक्ति असामान्य और असहज महसूस करता है, लेकिन लगभग एक घंटे के बाद ये लक्षण स्वतः दूर हो जाते हैं। हेमोरेजिक स्ट्रोक को ब्रेन हेमरेज भी कहा जाता है। हैमोरेजिक स्ट्रोक में दिमाग की रक्तवाहिका फट जाती है।

### इनसे बढ़ता है स्ट्रोक का रिस्क

**हाई ब्लड प्रेशर:** अमेरिकन स्ट्रोक एसोसिएशन के अनुसार स्ट्रोक का एक प्रमुख कारण उच्च रक्तचाप या हाई ब्लड प्रेशर है। उच्च रक्तचाप से धमनियों की आंतरिक दीवार पर दबाव पड़ता है। कई बार इस दबाव के कारण धमनियां फट सकती हैं या फिर इनमें लीकेज हो सकता है। यह स्थिति स्ट्रोक के जोखिम को बढ़ाती है।

**तनाव भरी जीवनशैली:** जो शख्स तनावपूर्ण स्थिति में होता है, तब उसके दिल की धड़कन बढ़ जाती है। कालांतर में एक अरसे से जारी तनावपूर्ण स्थिति हृदय और मस्तिष्क की धमनियों की आंतरिक दीवारों पर प्रतिकूल प्रभाव छोड़ती है, जो स्ट्रोक का कारण बनती है। तनावपूर्ण स्थिति के कारण व्यक्ति अनिद्रा का भी शिकार हो जाता है। अनिद्रा की स्थिति दिल और दिमाग की सेहत के लिए अच्छी नहीं है।

**डायबिटीज:** वर्ल्ड डायबिटीज फेडरेशन के एक सर्वेक्षण के अनुसार जो लोग मधुमेह से ग्रस्त हैं, उनमें स्ट्रोक और हृदय रोगों से ग्रस्त होने का खतरा कहीं ज्यादा होता है। रक्त में शुगर बढ़ने से रक्त वाहिकाओं समेत कई अंगों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। यह स्थिति कालांतर में स्ट्रोक के जोखिम को बढ़ाती है।

**धूम्रपान-शराब:** जो लोग धूम्रपान और शराब के आदी हैं, उनमें स्ट्रोक का जोखिम बढ़ जाता है।

**शारीरिक श्रम और व्यायाम से दूरी:** यह स्ट्रोक का प्रत्यक्ष कारण नहीं है, लेकिन इन दोनों को अपनी दिनचर्या में शामिल न करना, कालांतर में स्ट्रोक के खतरे को बुलावा देता है।

**मोटापा:** वर्ल्ड ओबेसिटी फेडरेशन के अनुसार जो लोग अत्यधिक मोटापे से ग्रस्त हैं, उनमें स्ट्रोक होने का जोखिम बहुत ज्यादा होता है।

**उम्र का बढ़ना (एजिंग प्रोसेस):** आयु बढ़ने पर रक्त वाहिकाएं धीरे-धीरे संकरी होती जाती हैं, जो एक कुदरती प्रक्रिया है। स्वास्थ्यकर जीवनशैली पर अमल कर इस प्रक्रिया को धीमा किया जा सकता है।

**नमक का अधिक सेवन:** नमक का अधिक सेवन उच्च रक्तचाप को बढ़ाने में सहायक है, जो कालांतर में स्ट्रोक का जोखिम बढ़ाता है।

**किडनी में गड़बड़ी:** किडनीज के विकारग्रस्त होने से उच्च रक्त चाप की समस्या उत्पन्न हो सकती है, जो एक अर्से बाद स्ट्रोक के जोखिम को बढ़ा देती है।

### जीवनरक्षक गोल्डन ऑवर्स

स्ट्रोक से पीड़ित व्यक्ति को अगर 3-4 घंटे के अंदर समुचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो जाती है तो इस अवधि को मेडिकल भाषा में गोल्डन ऑवर्स कहा जाता है। गोल्डन ऑवर्स में उपलब्ध होने वाली चिकित्सा से स्ट्रोक के दुष्प्रभावों और जटिलताओं को काफी हद तक कम और नियंत्रित किया जा सकता है। इस तरह पेशेंट की जान बचा सकते हैं।

### इलाज के बारे में

सीटी स्कैन और एमआरआई आदि जांचों के बाद पता चलता है कि स्ट्रोक का प्रकार क्या है और इसके कारण मस्तिष्क को कितनी क्षति पहुंची है? इसके बाद स्ट्रोक के इलाज की प्रक्रिया सुनिश्चित की जाती है। स्ट्रोक के इलाज की कुछ प्रमुख विधियां और प्रोसीजर इस प्रकार हैं-

**दवाएं और इंजेक्शन:** इनके जरिए मस्तिष्क के रक्त के थक्कों को दूर करने का प्रयास किया जाता है।

**मैकेनिकल थॉम्बेक्टॉमी:** इस्केमिक स्ट्रोक का यह आधुनिक और काफी हद तक कारगर इलाज है। इस सर्जिकल प्रोसीजर के जरिए एक 'कैथेटर' डालकर रक्त के थक्कों (ब्लड क्लॉट्स) को हटा देते हैं। इस प्रकार मस्तिष्क की धमनियों में आए अवरोध (ब्लॉकेज) को दूर कर देते हैं।

**क्वायलिंग:** हैमोरेजिक स्ट्रोक के इलाज में इस मेडिकल प्रोसीजर का इस्तेमाल किया जाता है। इस प्रक्रिया में मस्तिष्क के जिस भाग में नस के फटने से रक्तस्राव या रक्त के थक्के (ब्लड क्लॉट्स) जमे होते हैं, उन्हें दूर किया जाता है।

**सर्जरी:** जिन पीड़ितों के मस्तिष्क में अधिक मात्रा में रक्त स्राव हुआ या फिर जिनमें खून के थक्के बड़े हैं या फिर जिनके दिमाग में सूजन बहुत आ चुकी है, ऐसी स्थिति में न्यूरो सर्जरी ही एकमात्र विकल्प है।

**डीकंप्रेसिव क्रेनियोटॅमी:** अगर मस्तिष्क की धमनी में अवरोध है या फिर थक्कों के कारण बहुत ज्यादा प्रेशर है तो इस समस्या का समाधान करने में डीकंप्रेसिव क्रेनियोटॅमी प्रोसीजर का इस्तेमाल किया जाता है। *

**(मेदांता दि मेडिसिटी, गुरुग्राम में चेयरमैन-न्यूरोलॉजी, डॉक्टर अरुण गर्ग और कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल, इंदौर में लीड कंसल्टेंट-न्यूरोसर्जरी, डॉक्टर प्रणव घोडगांवकर से बातचीत पर आधारित)**

### स्ट्रोक से संभव है बचाव

**स्ट्रोक से** संबंधित जोखिम भरे कारकों के संदर्भ में सजग रहने या फिर उनसे दूरी बनाकर इस समस्या से बचाव संभव है। इस क्रम में इन बातों का रखें ध्यान-



- अपने रक्तचाप (ब्लड प्रेशर) को 120/80 या फिर बॉर्डर लाइन 140/90 पर रखने का प्रयास करें। इसके लिए ब्लड प्रेशर की नियमित जांच करें या कराएं और अपने डॉक्टर से परामर्श लेकर नियमित रूप से दवाएं लें।
- तनाव का प्रबंधन करने के लिए योग व प्राणायाम और मेडिटेशन करें और जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण रखें। इसके बावजूद अगर आप तनाव को नियंत्रित नहीं कर पा रहे हैं तो फिर मनोचिकित्सक से परामर्श लें।
- मधुमेह को नियंत्रित करने के लिए डॉक्टर से परामर्श लेकर नियमित रूप से दवाएं लें। खान-पान में विशेषकर मीठे खाद्य और पेय पदार्थों से परहेज करें।
- धूम्रपान और शराब की लत छोड़ दें, इससे स्ट्रोक का रिस्क कम होगा। लत छुड़ाने के लिए मनोरोग विशेषज्ञ की मदद ले सकते हैं।
- दिनचर्या में व्यायाम और अन्य प्रकार के शारीरिक श्रम को शामिल करें। अपनी उम्र और शारीरिक क्षमता के अनुसार व्यायाम करें।
- मोटापा दूर करने के लिए अपने खान-पान पर ध्यान दें। जंक फूड्स से परहेज करें। आहार में सलाद, हरी सब्जियां और फलों को प्राथमिकता दें और नियमित व्यायाम करें।

## योगोपचार

**संध्या रानी**

वृद्धावस्था में शारीरिक सक्रियता, फिटनेस और एनर्जी बनाए रखना थोड़ा मुश्किल होता है। लेकिन अगर आप कुछ योगासनों का नियमित अभ्यास करें तो इन सभी को मेंटेन रख सकते हैं। यहां बता रहे हैं बुजुर्गों के लिए उपयोगी ऐसे ही कुछ योगासन।

# बुजुर्गों के लिए बहुत उपयोगी हैं ये योगासन





वृद्धावस्था में भी शारीरिक सक्रियता और ऊर्जावान बने रहने के लिए अपने शरीर की देखभाल करना जरूरी है। इसके लिए सबसे बेहतर उपाय है योगासन करना।

**योगाभ्यास के फायदे:** योगासनों का अभ्यास करने से शरीर के साथ-साथ मन भी स्वस्थ रहता है। वैसे तो योगाभ्यास हर उम्र के लोगों के लिए फायदेमंद होता है लेकिन बुजुर्गों के लिए ऐसा नियमित करना बेहद जरूरी है,क्योंकि इससे वे शारीरिक और मानसिक रूप से वे मजबूत रहेंगे। बढ़ती उम्र में अनेक बीमारियां अपना प्रभाव दिखाने लगती हैं। उनसे बचने के लिए भी योगासन मददगार होता है। इससे उनका शरीर लचीला बना रहता है और इससे उनकी मांसपेशियां व हड्डियां भी मजबूत बनती हैं। इससे गिरने पर हड्डी टूटने का रिस्क कम हो जाता है। इतना ही नहीं इससे उनका इम्यून सिस्टम भी स्ट्रॉन्ग बना रहता है और अनेक बीमारियों से बचाव भी होता है। योगासन करने से दिमाग में हैप्पी हार्मोन एंडोर्फिन निकलता है, जिसके कारण तनाव, चिंता और उदासी कम हो जाती है। साथ ही इससे उनकी याददाश्त और सोचने की क्षमता भी बेहतर हो जाती है।

**उपयोगी आसन:** बुजुर्गों को योगासन या व्यायाम की शुरुआत सूक्ष्म व्यायाम से ही करना चाहिए, जो शरीर के सभी जोड़ों को लचीला बनाता है। इसलिए एक महीने तक इनका अभ्यास करने के बाद कुछ सरल आसनों जैसे-ताड़ासन, तिर्यक ताड़ासन, तितली आसन, वज्रासन, पवन मुक्तासन, मकटासन, सर्पासन को अपनी क्षमता के अनुसार धीरे-धीरे जोड़ते जाना चाहिए। इनमें से कुछ आसनों के बारे में यहां बता रहे हैं।



**ताड़ासन:** बुजुर्ग लोगों के पैर भी उम्र के साथ-साथ कमजोर हो जाते हैं। कई बार तो उनका चलना-फिरना भी मुश्किल हो जाता है। चलते समय पैर कांपने लगता है। इस स्थिति से बचने के लिए ताड़ासन बहुत ही फायदेमंद होता है। इसे करने के लिए दीवार की ओर मुंह करके हाथों से दीवार का सहारा लेते हुए सीधे खड़े हो जाएं। अब दोनों पैर की एड़ियों को जमीन से अधिकतम ऊपर उठाएं। फिर नीचे लाएं। यह ताड़ासन की एक आवृति है। शुरुआत में इसकी दस आवृतियों का अभ्यास कीजिए। धीरे-धीरे इसे अपनी क्षमतानुसार बढ़ाते जाएं। खूब अभ्यास होने पर अधिकतम इसे 100 की संख्या तक किया जा सकता है। यह ध्यान रहे कि इसे धीरे-धीरे ही बढ़ाना है। इसके अभ्यास से पैरों की क्षमता आजीवन बनी रहती है।

**ध्यान:** बुजुर्गों को अपने मन और भावनाओ को नियंत्रित, संतुलित करने के लिए ध्यान करना बेहद आवश्यक है। इसके लिए सबसे पहले किसी भी आसन में सिर को सीधा करके बैठ जाएं। अपने हाथों को घुटनों पर रख लें। अपनी आंखों को हल्का बंदकर चेहरे को खूब ढीला छोड़ दें। अब अपनी श्वास-प्रश्वास पर मन को एकाग्र करने का अभ्यास कीजिए। अगर इस दरम्यान मन बार-बार भटकता है, तो मन को श्वास पर वापस लाने का प्रयास करें। इस क्रिया को दस से पंद्रह मिनट तक प्रतिदिन करने का अभ्यास करें। इसको नियमित करने से तनाव, बेचैनी, भय और व्यग्रता कम हो जाती है। मन शांत और चित्त प्रसन्न रहता है।

**प्राणायाम:** वृद्धावस्था में शरीर में ऊर्जा और उत्साह का संचार करने के लिए प्राणायाम का अभ्यास बहुत ही फायदेमंद होता है। अधिक उम्र वालों के लिए कपालभाति, उज्जयी एवं नाड़ी शोधन प्राणायाम का अभ्यास करना रामबाण है।

**उज्जयी प्राणायाम:** ध्यान के किसी भी आसन जैसे सिद्धासन, पद्मासन, सुखासन में रीढ़, गले और सिर को सीधा करके बैठ जाएं। जो लोग जमीन पर नहीं बैठ पाते हों, वे कुर्सी या बेड पर रीढ़, गला व सिर को सीधा करके बैठ जाएं। आंखों को हल्के से बंदकर, चेहरे को ढीला छोड़ दें। अब बहुत ही ध्यान से लंबी और गहरी श्वास-प्रश्वास लें। इसके बाद नाक से धीमी, लंबी और गहरी श्वास अंदर (पूरक) लें। साथ में यह भी ध्यान रखें कि पूरक करते समय गले से शी-शी-शी की आवाज निकालें। इसके बाद नाक से ही धीमी, लंबी और गहरी प्रश्वास बाहर (रेचक) निकालें। साथ में गले से हा-हा-हा की आवाज निकालें। शुरू में इसका अभ्यास 12 बार करें। धीरे-धीरे इसकी संख्या बढ़ाकर 30 तक ले जा सकते हैं।

**नाड़ीशोधन प्राणायाम:** इसे करने के लिए किसी भी आसन में बैठ जाएं। आंखों को ढीली बंदकर पांच लंबी और गहरी श्वास-प्रश्वास लें। फिर दाएं हाथ के अंगूठे से दाईं नाक को बंदकर बाईं नाक से लंबी और धीमी श्वास अंदर लेकर बाईं नाक को बंदकर दाईं नाक से श्वास धीरे और गहराई के साथ बाहर निकालें। इसके बाद दाईं नाक से धीमी और लंबी श्वास अंदर लेकर बाईं नाक से धीमी और लंबी श्वास ही बाहर निकालें। शुरुआत में इसे 12 बार करें। फिर धीरे-धीरे इसे बढ़ाकर तीस तक ले जाएं। यह हमेशा ध्यान रखें कि प्राणायाम और आसन का अभ्यास खाली पेट ही करना चाहिए।

**पवन मुक्तासन:** इसे करने के लिए दरी या योग मैट पर पीठ के बल लेट जाएं। शरीर के सभी अंगों को ढीला रखें। तीन लंबी और गहरी श्वास-प्रश्वास लें। अब दाएं पैर को घुटने से मोड़कर इसके घुटने को हाथों की मदद से छाती के पास लाने का प्रयास करें। लेकिन इस प्रयास में किसी भी तरह की जबर्दस्ती नहीं करनी है। अगर गर्दन की स्पांडिलाइटिस की प्रॉब्लम नहीं है तो सिर को ऊपर उठाकर माथे या नाक के द्वारा दाएं घुटने को स्पर्श करने का प्रयास करें। यह पवन मुक्तासन की अंतिम स्थिति है। इस स्थिति में सजग रहकर श्वास-प्रश्वास को सामान्य रखते हुए आरामदायक समय तक रुकने का प्रयास करें। फिर वापस पूर्व स्थिति में आ जाएं। अब इसके बाद यही क्रिया बाएं पैर से भी करें। इस आसन के बाद अंत में ऊर्जा और उत्साह का संचार करने के लिए प्राणायाम का अभ्यास करना बहुत ही फायदेमंद होता है। अधिक उम्र वालों के लिए कपालभाति, उज्जयी एवं नाड़ी शोधन का अभ्यास करना प्रभावी है। *


**(योगाचार्य कौशल कुमार से बातचीत पर आधारित)**



### इलेक्ट्रॉनिक्स व सूचना मंत्रालय ने जारी किया आईटी नियम में संशोधन

# डीपफेक, कृत्रिम सामग्री के बारे में सोशल मीडिया मंचों की जवाबदेही बढ़ाने का मसौदा पेश

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



कृत्रिम मेधा (एआई) से बनाए गए डीपफेक और कृत्रिम सामग्री से होने वाले नुकसान से उपयोगकर्ताओं को बचाने के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने आईटी नियम, 2021 में संशोधन का मसौदा पेश किया है। प्रस्तावित बदलावों का उद्देश्य 'एआई के जरिये कृत्रिम रूप से तैयार सामग्री' (सिंथेटिक कंटेंट) की स्पष्ट पहचान करना और बड़े सोशल मीडिया मंचों की जवाबदेही को बढ़ाना है।

**अब गलत जानकारी पेश करना आसान:-**मंत्रालय ने कहा कि जनरेटिव एआई टूल का इस्तेमाल बढ़ने से अब गलत जानकारी पेश करना और नकली वीडियो एवं ऑडियो क्लिप तैयार करना आसान हो गया है। ऐसी स्थिति में इन पर नियंत्रण पाने के लिए सूचना प्रौद्योगिकी नियम, 2021 में कुछ बदलावों का मसौदा पेश किया जा रहा है।

**डीप फेंक प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा सकता है:-**मंत्रालय ने कहा, "हाल ही में डीपफेक वीडियो के बहुप्रचारित होने की घटनाओं ने दिखाया है कि जनरेटिव एआई की मदद से ऐसे व्यक्ति के कथन या कृत्य दिखाए जा सकते हैं जो वास्तव में उनके नहीं थे। ऐसा होने से गलत सूचना फैल सकती है, प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंच सकता है, चुनावों को प्रभावित किया जा सकता है या धोखाधड़ी भी हो सकती है।"

**पुष्टि के लिए तकनीकी उपाय अपनाने होंगे :-** प्रस्तावित नियमों के तहत, 50 लाख या उससे अधिक उपयोगकर्ताओं वाले बड़े सोशल मीडिया मंचों को यह सुनिश्चित करना होगा कि अपलोड की गई सामग्री कृत्रिम तो नहीं है। इसकी पुष्टि के लिए तकनीकी उपाय अपनाने होंगे और इस सामग्री को प्रमुखता से चिह्नित करना अनिवार्य होगा।

**सामग्री को परिभाषित करना होगा:-** संशोधित नियमों में 'कृत्रिम रूप से निर्मित जानकारी' को ऐसी सामग्री के रूप में परिभाषित किया गया है, जिसे कंप्यूटर के जरिये कृत्रिम या गणना-पद्धति (एल्गोरिद्म) के इस्तेमाल से निर्मित, संशोधित या वास्तविक लगने वाला रूप दिया गया हो।

## सात्विक ग्रीन एनर्जी को मिले 689.47 करोड़ रुपए के ऑर्डर

**नई दिल्ली।** सौर ऊर्जा समाधान उपलब्ध कराने वाली कंपनी सात्विक ग्रीन एनर्जी लि. को सौर पीवी मॉड्यूल की आपूर्ति के लिए 689.47 करोड़ रुपये के ऑर्डर मिले हैं। कंपनी ने कहा कि ये ऑर्डर कंपनी और उसकी अनुषंगी सात्विक सोलर इंडस्ट्रीज प्राइवेट लि. को मिले हैं। कुल 50.62 करोड़ मूल्य के सौर पीवी मॉड्यूल की आपूर्ति का ऑर्डर सीधे सात्विक ग्रीन एनर्जी लि. को मिला है। इसे नवंबर, 2025 तक पूरा किया जाएगा। वहीं 638.85 करोड़ मूल्य के ऑर्डर इसकी प्रमुख अनुषंगी कंपनी सात्विक सोलर इंडस्ट्रीज को प्राप्त हुए हैं, जिन्हें जून, 2026 तक पूरा किया जाएगा। बयान में कहा गया है कि सात्विक ग्रीन एनर्जी ने घोषणा की है कि उसे देश के कई प्रतिष्ठित स्वतंत्र विद्युत उत्पादकों (आईपीपी) और ईपीसी कंपनियों से उच्च दक्षता वाले सौर पीवी मॉड्यूल की आपूर्ति के लिए कुल 689.47 करोड़ रुपये के नए ऑर्डर प्राप्त हुए हैं।

**OFFICE OF THE SUPERINETENDING ENGINEER
PUBLIC WORK DEPARTMENT, BILASPUR
CIRCLE BILASPUR, CHHATTISGARH**

**निविदा निरस्तीकरण सूचना**

इस कार्यालय के निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 308 दिनांक 24.09.2025 को अपेन्डिक्स 2.10 की कंडिका 4.6 के तहत अपरिहार्य कारणवश निरस्त किया जाता है।

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग
बिलासपुर मण्डल, बिलासपुर

जी 252604301/3

**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग कार्यालय मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार, रायपुर (छ.ग.)**

ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
(प्रथम आमंत्रण)
शुद्धि पत्र क्रमांक 06
सिस्टम निविदा क्रमांक 175010/निविदा सूचना क्रमांक 07/व.ले.लि./2025-26
गरियाबंद दिनांक 10.09.2025

गरियाबंद जिले के विकासखण्ड छुरा की पीपरछेड़ी जलाशय योजना के शीर्ष कार्य का शेष मिट्टी का कार्य आर.डी. 870 मी. से 1140 मी. के मध्य नाला क्लोजर का कार्य, कटऑफ, रॉक टो, फिल्टर एवं पिंचिंग का निर्माण कार्य, स्लूस का मरम्मत कार्य, वेस्ट वियर का निर्माण कार्य एवं स्पिल चैनल में शूटफाफल का निर्माण कार्य।

| विवरण | पूर्व में | संशोधित |
|---|---|---|
| 1. निविदा देखने/डाउनलोड करने की तिथि : | दिनांक 15.10.2025, 17:31 | दिनांक 24.10.2025, 17:31 |
| 2. निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि : | दिनांक 29.10.2025, 17:30 | दिनांक 07.11.2025, 17:30 |
| 3. निविदा खोलने की तिथि : | दिनांक 30.10.2025, 11:30 | दिनांक 10.11.2025, 11:30 |

नोट : निविदा की अन्य शर्ते यथावत रहेंगी।
विज्ञापन क्रमांक 252604208/दिनांक 14.10.2025

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, गरियाबंद
कृते, मुख्य अभियंता, महानदी गोदावरी
कछार जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)

जी. 252604292/5

**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
कार्यालय मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार, रायपुर (छ.ग.)**

ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना
eProcurement Portal:
https://eproc.cgstate.gov.in
(प्रथम आमंत्रण)
सिस्टम निविदा क्र. 177855 / निविदा सूचना क्र. 09/वलेलि / 2025-26, कवर्धा दिनांक 17.10.2025

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 07.11.2025 17:30 तक ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है:-

**कार्य का नाम-**कबीरधाम जिले के विकासखण्ड बोड़ला की छीरपानी जलाशय परियोजना के राम्हेपुर वितरक नहर आर. डी. 0 मी. से 4650 मी., सिल्हाटी माईनर क्र. 01 आर.डी. 0 मी. से 1230 मी.. सिल्हाटी माईनर क्र. 02 आर.डी. 0 मी. से 1680 मी., बघर्रा माईनर आर.डी. 0 मी. से 780 मी.. राम्हेपुर माईनर राइट साइड आर. डी. 0 मी. से 2040 मी., राम्हेपुर माईनर लेफ्ट साइड आर.डी. 0 मी. से 3270 मी. का जीर्णोद्धार एवं सीमेंट कांक्रीट लाईनिंग, संरचनाओं का मरम्मत तथा 34 नग फाल, 01 नग डी.सी., 05 नग माईनर हेड, 01 नग व्ही.आर.वी. के निर्माण के साथ कोलाबा पाईप फिक्सिंग कार्य।

**अनुमानित लागत-**रु. 677.22 लाख

अन्य साइट विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 24.10.2025 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड़ किये जा सकते है।


नोट : निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, कवर्धा, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)
कृते मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार,
जल संसाधन विभाग, रायपुर, छ.ग.

जी. 252604280/4

# जेएलआर को साइबर हमले से 1.9 अरब पाउंड का नुकसान

एजेंसी ⏭ लंदन



टाटा मोटर्स के स्वामित्व वाली लक्जरी कार कंपनी जगुआर लैंड रोवर (जेएलआर) पर हाल में हुए साइबर हमले को ब्रिटेन का अब तक का सबसे नुकसानदेह साइबर हादसा माना जा रहा है।

इस हमले से ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था को करीब 1.9 अरब पाउंड का नुकसान हुआ जबकि 5,000 से अधिक व्यवसाय प्रभावित हुए थे।

- ब्रिटेन का अब तक का सबसे नुकसानदेह साइबर हमला माना जा रहा

ब्रिटेन में साइबर घटनाओं का स्वतंत्र मूल्यांकन करने वाले साइबर मॉनिटरिंग सेंटर (सीएमसी) ने जेएलआर साइबर हमले को तीसरे दर्जे की प्रणालीगत घटना के रूप में वर्णित किया है। सीएमसी पांच अंक के पैमाने पर साइबर हमलों को परखती है।

सीएमसी का कहना है कि इस हमले ने जेएलआर के विनिर्माण, आपूर्ति श्रृंखला और वितरक नेटवर्क में भारी व्यवधान पैदा किया। जगुआर लैंड रोवर के उत्पादन संयंत्र पर हमला अगस्त के अंत में हुआ था और सितंबर के पूरे महीने में उत्पादन बंद रहा। जेएलआर ने सीएमसी के इस दावे पर कोई सीधी प्रतिक्रिया न करते हुए कहा कि वह चरणबद्ध तरीके से इसके संचालन को बहाल कर रही है। सीएमसी ने एक बयान में कहा, "हमारे मूल्यांकन मॉडल से यह अनुमान लगता है कि इस हमले से जेएलआर को 1.6 अरब से 2.1 अरब पाउंड तक का नुकसान हुआ है। लेकिन यदि उत्पादन बहाली में ज्यादा देरी होती है या तकनीकी प्रणाली पर इस हमले का गहरा असर पड़ा है, तो यह नुकसान और भी बढ़ सकता है।"

### सहायक इकाइयों पर पड़ा असर

इसके अलावा हमले का असर कंपनी के कर्मचारियों और कलपुर्जों की आपूर्ति करने वाली इकाइयों पर भी पड़ा है। कई आपूर्तिकर्ताओं ने तनख्वाह कम करने, काम के घंटे घटाने और कर्मचारियों को नौकरी से हटाने जैसे कदम उठाए।

### अर्थव्यवस्था पर पड़ सकता है असर

सीएमसी ने आशंका जताई है कि इन गतिविधियों से मानसिक और सामाजिक प्रभाव भी हो सकते हैं। उसने कहा कि यह विश्लेषण वित्तीय नुकसान के साथ साइबर हमले के समाज और अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले असर को भी उजागर करता है।

## ओरिएंट इलेक्ट्रिक का लाभ बढ़कर 12.06 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** सीके बिड़ला समूह की कंपनी ओरिएंट इलेक्ट्रिक लि. (ओईएल) का वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 15.51 प्रतिशत बढ़कर 12.06 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने कंपनी को पिछले वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में 10.44 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। वित्त वर्ष 2025-26 की जुलाई-सितंबर तिमाही में कंपनी की परिचालन आय 6.43 प्रतिशत बढ़कर 702.61 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 660.15 करोड़ रुपये थी।

**CHHATTISGARH HOUSING BOARD
Capital Project Division, Nava Raipur Atal Nagar**

**REQUEST FOR PROPOSAL** Advt No.:

Proposals are invited from reputed and eligible bidders for Selection of a System Integrator for Development/ Implementation of AI Chatbot Services for Chhattisgarh Housing Board on Q.C.B.S. The detailed RFP document along with the terms and conditions of the RFP can be downloaded from https://eproc.cgstate.gov.in

| Name of the Work | RFP Document Fees | Bid Security/Earnest Money Deposit* |
|---|---|---|
| Selection of a System Integrator for Development/ Implementation of AI Chatbot Services on Q.C.B.S. | INR 5,000+18%GST Total INR 5900 (Five Thousand Nine Rupees) (Non-Refundable) | INR Rs. 25,000 (Twenty Five Thousand Rupees) |

Start date of download the tender: Date 23.10.2025 from 11:00 AM
Pre-Bid Meeting: Date 31.10.2025 from 3:00 PM at C.G. Housing Board, Head Office, Paryavas Bhawan, Sector-19, North Block, Nawa Raipur Atal Nagar.
Last date of Bid Submission: Date 12.11.2025 upto 05:00 PM
Last date of Hard Copy Submission: Date 13.11.2025 upto 05:00 PM
*EMD in the form of a DD in favour of The Executive Engineer, Chhattisgarh Housing Board, Capital Project Division Nava Raipur, Atal Nagar [CG] and payable at Raipur (CG) in a separate, sealed envelope along with R.F.P. Hard Copy.
Date of Opening of Technical Bid: From Date 14.11.2025-11:00 AM
For More Information Contact-9424209041, 9685099329

Executive Engineer
C.G.H.B., Div.-Nawa Raipur

S-45672

**संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें
स्वास्थ्य भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, अटल नगर, जिला रायपुर छत्तीसगढ़**

क्र./प्रशि./14/01/GENS/9171/2025/586 नवा रायपुर, दिनांक 18/10/2025

**छत्तीसगढ़ राज्य के शासकीय एवं निजी जनरल नर्सिंग मिडवायफरी (GNM) प्रशिक्षण केन्द्रों के शासकीय व निजी नियतांश की सीटों में प्रवेश सत्र 2025-26 हेतु ऑनलाईन काउंसिलिंग की सूचना**

संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें, छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित जनरल नर्सिंग मिडवायफरी (GNM) पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु प्रदेश के शासकीय एवं निजी जनरल नर्सिंग प्रशिक्षण केन्द्रों की समस्त सीटों की संख्या, समय-सारिणी के अनुसार ऑनलाईन काउंसिलिंग की जायेगी। जनरल नर्सिंग मिडवायफरी (जी.एन.एम.) प्रशिक्षण पाठ्यक्रम प्रवेश प्रक्रिया छत्तीसगढ़ राजपत्र चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा जारी अधिसूचना क्रमांक एफ 21-01/2019/नौ/55-4, अटल नगर दिनांक 07 मई 2019 एवं संशोधन दिनांक 2 फरवरी 2022 के अनुसार संपादित की जाएगी। ऑनलाईन काउंसिलिंग के लिए संक्षिप्त विज्ञापन, प्रवेश नियम एवं ऑनलाईन फार्म पंजीयन (Form Registration) लिंक, शासकीय एवं निजी जी.एन.एम. प्रशिक्षण केन्द्रों की जिलेवार सूची आरक्षण रोस्टर सहित अन्य जानकारी विभागीय वेब-साईट www.cghealth.nic.in पर उपलब्ध है।

| क्र. | विवरण | तिथि एवं समय |
|---|---|---|
| 1 | ऑनलाईन आवेदन/फार्म भरने की प्रारंभ तिथि | दिनांक 22.10.2025 प्रात: 11:00 बजे से |
| 2 | ऑनलाईन आवेदन/फार्म भरने की अंतिम तिथि | दिनांक 31.10.2025 सायं 4:00 बजे तक |
| 3 | प्रावीण्य सूची का वेब साइट पर प्रकाशन एवं प्रथम आबंटन सूची का प्रकाशन | दिनांक 03.11.2025 से 04.11.2025 |
| 4 | स्क्रूटनी एवं योग्य उम्मीदवारों की प्रवेश प्रक्रिया | दिनांक 06.11.2025 से 08.11.2025 |
| 5 | द्वितीय आबंटन सूची का प्रकाशन | दिनांक 10.11.2025 से 11.11.2025 |
| 6 | स्क्रूटनी एवं योग्य उम्मीदवारों की प्रवेश प्रक्रिया | दिनांक 12.11.2025 से 14.11.2025 |
| 7 | मॉप-अप राउण्ड के लिए विकल्प प्रविष्टी | दिनांक 15.11.2025 से 17.11.2025 |
| 8 | मॉप-अप आबंटन सूची का प्रकाशन | दिनांक 18.11.2025 से 19.11.2025 |
| 9 | स्क्रूटनी एवं योग्य उम्मीदवारों की प्रवेश प्रक्रिया | दिनांक 20.11.2025 से 22.11.2025 |
| 10 | रिक्त सीटों के लिए विद्यार्थियों की अग्रेषित (Forwarded) सूची का प्रकाशन | दिनांक 24.11.2025 से 25.11.2025 |
| 11 | रिक्त सीट पर प्रवेश | दिनांक 26.11.2025 से 28.11.2025 |

(टीप - जनरल नर्सिंग प्रशिक्षण सत्र 2025-26 पूर्णत: ऑनलाईन काउंसिलिंग प्रक्रिया है जिसमें कार्यालय आने की आवश्यकता नहीं होगी एवं कार्यालय अवकाश दिवस में ऑनलाईन काउंसिलिंग की प्रक्रिया की जा सकती है।)

आयुक्त सह संचालक
स्वास्थ्य सेवायें, छत्तीसगढ़

जी. 252604308/2

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पथरिया, जिला मुंगेली (छ.ग.)**

रा.प्र.क. 202507250500029अ-20(1)/2024-25
ग्राम चोरभट्ठी, डंगनिया, लौदापारा, पथरिया, भीमपुरी, लच्छनपुर प.ह.नं. 17 एवं 18

**ईश्तहार**

ग्राम चोरभट्ठी, डंगनिया, लौदापारा, पथरिया, भीमपुरी, लच्छनपुर प.ह.नं. 17 एवं 18 के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि कार्यालय नजूल अधिकारी जिला मुंगेली (छ.ग.) का ज्ञापन क्रमांक 457/स.अ.भू.अ./2021, मुंगेली, दिनांक 26/02/2021 के आधार पर नगर पंचायत क्षेत्रांतर्गत शहरी आबादी को "नजूल भूमि" घोषित करने के संबंध में राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 04 क्र. 1 के कंडिका 1 के अनुसार कार्यवाही हेतु निर्देश प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में नगर पंचायत पथरिया अंतर्गत कुल राजस्व ग्राम 06 प.ह.नं. 17 एवं 18, रा.नि.म. पथरिया, तहसील-पथरिया, जिला-मुंगेली (छ.ग.) में स्थित भूमि कुल खरारा नम्बर 91 कुल रकबा 99.331 हेक्टेयर भूमि नजूल हेतु प्रस्तावित है। जो निम्नानुसार है:-

| क्र. | विवरण | ग्राम का नाम | | | | | | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | पथरिया | भिमपुरी | लछनपुर | चोरभट्ठी | डंगनिया | लौदापारा | |
| 1 | ग्राम का कुल रकबा | 699.843 हेक्टेयर | 58.377 हेक्टेयर | 267.490 हेक्टेयर | 333.330 हेक्टेयर | 190.115 हेक्टेयर | 114.949 हेक्टेयर | 1664.104 हेक्टेयर |
| 2 | ग्राम का मकबूजा रकबा | 580.496 हेक्टेयर | 45.027 हेक्टेयर | 167.760 हेक्टेयर | 228.332 हेक्टेयर | 121.482 हेक्टेयर | 56.713. हेक्टेयर | 1199. 810 हेक्टेयर |
| 3 | ग्राम का गैर मकबूजा रकबा | 119.347 हेक्टेयर | 13.350 हेक्टेयर | 99.730 हेक्टेयर | 104.998 हेक्टेयर | 68.633 हेक्टेयर | 58.236 हेक्टेयर | 464.294 हेक्टेयर |
| 4 | ग्राम का चराई का रकबा | 56.934 हेक्टेयर | 5.718 हेक्टेयर | 72.742 हेक्टेयर | 75.902 हेक्टेयर | 58.177 हेक्टेयर | 27.567 हेक्टेयर | 297.040 हेक्टेयर |
| 5 | मकबूजा रकबा का 2 प्रतिशत | 11.610 हेक्टेयर | 0.900 हेक्टेयर | 3.355 हेक्टेयर | 4.567 हेक्टेयर | 2.429 हेक्टेयर | 1.134 हेक्टेयर | 23.995 हेक्टेयर |
| 6 | ग्राम में मवेशियों की संख्या लगभग | 682 | 95 | 76 | 315 | निरंक | 85 | 1253 |
| 7 | ग्राम की कुल जनसंख्या (2011) | 1916 | 463 | 431 | 2462 | निरंक | 1077 | 6349 |
| 8 | चराई पर प्रभाव | नहीं | नहीं | नहीं | नहीं | नहीं | नहीं | |
| 9 | मांग की गई भूमि का विवरण | सूची संलग्न। | सूची संलग्न। | सूची संलग्न। | सूची संलग्न। | सूची संलग्न। | सूची संलग्न। | |
| 10 | नक्शा ट्रेसिंग क्लाथ, खसरा | सूची संलग्न। | सूची संलग्न। | सूची संलग्न। | सूची संलग्न। | सूची संलग्न। | सूची संलग्न। | |

तदनुसार नगर पंचायत पथरिया, तहसील-पथरिया, प.ह.नं. 17 के अंतर्गत राजस्व ग्राम चोरभट्ठी, डंगनिया, लौदापारा तथा प.ह.नं. 18 के अंतर्गत राजस्व ग्राम पथरिया, भीमपुरी एवं लछनपुर को मिलाकर गठन हुआ है, सम्मिलित है। राजस्व पुस्तक परिपत्र के भाग 4 के अध्याय 1 के कण्डिका 1 अनुसार ग्रामों के आबादी एवं आबादी बसाहट के नजदीकी भूमियों कुल खसरा नम्बर 91, कुल रकबा 99.331 हेक्टेयर को नजूल भूमि घोषित करने हेतु प्रस्तावित किया है। जिसके उपरांत दावा/आपत्ति मंगाये जाने पर आपत्ति प्राप्त हुआ जिसमें खसरा नम्बर 625/1, 1/1, 895/1, 266, 265, 63/1, 383, 221/1, 37, 280, 263 को शासकीय कार्यों हेतु छोड़कर शेष भूमियों को नजूल भूमि घोषित किये जाने का अनुरोध किया गया है।

उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 28/10/2025 तक कार्यालयीन समय में स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता मे माध्यम से उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आवत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 13/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया जाता है।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
पथरिया, जिला मुंगेली (छ.ग.)

जी. 252604293/2

# भारत के स्मार्टफोन बाजार में जुलाई-सितंबर तिमाही में 3 फीसदी की वृद्धि

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



भारत का स्मार्टफोन बाजार कैलेंडर वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में सालाना आधार पर तीन प्रतिशत बढ़कर 4.8 करोड़ इकाई तक पहुंच गया। ओमडिया के नवीनतम शोध में यह जानकारी दी गई है।

रिपोर्ट के अनुसार, शुरुआती गति के बावजूद, लाभ एक मजबूत वर्ष के अंत तक बरकरार रहने की संभावना नहीं है। ओमडिया के अनुसार, यह मामूली वृद्धि मुख्य रूप से जुलाई और अगस्त में नए स्मार्टफोन के बाजार में आने, खुदरा विक्रेताओं को दिए गए प्रोत्साहन और त्योहारी सीजन जल्दी शुरू होने के कारण हुई, जिससे कंपनियों ने पहले ही माल भेजना शुरू कर दिया। ओमडिया ने एक बयान में कहा कि भारत का स्मार्टफोन बाजार 2025 की तीसरी तिमाही में सालाना आधार पर तीन प्रतिशत बढ़कर 4.8 करोड़ इकाई तक पहुंच गया। ओमडिया के प्रमुख विश्लेषक संयम चौरसिया ने कहा, "चूंकि बाजार में स्वाभाविक मांग कम थी, इसलिए तीसरी तिमाही की बिक्री मुख्य रूप से दुकानों और वितरकों को दिए गए प्रोत्साहनों के जरिये बढ़ी, न कि ग्राहकों की सामान्य खरीदारी से।"

### विवो, सैमसंग के साथ दूसरे स्थान पर

ओमडिया के अनुसार, विवो (आईक्यूओओ को छोड़कर) ने 97 लाख इकाई (20 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी) के साथ बाजार में अपनी बढ़त बढ़ा दी, जबकि सैमसंग 68 लाख इकाई (14 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी) के साथ दूसरे स्थान पर रहा। उसके बाद शाओमी तीसरे स्थान पर रही, जिसने ओप्पो (वनप्लस को छोड़कर) को थोड़े से अंतर से पीछे छोड़ दिया, दोनों विक्रेताओं ने 65 लाख इकाई की बिक्री की।

### एप्पल शीर्ष पांच में वापस लौटी

छोटे शहरों की वजह से हुई वृद्धि के साथ, 49 लाख इकाई के साथ एप्पल शीर्ष पांच में वापस आ गई। चौरसिया ने बताया कि एप्पल ने तीसरी तिमाही में भारत में अब तक का सबसे ज्यादा बिक्री दर्ज किया और 10 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल की।

## हुंडई 2030 तक 45 हजार करोड़ रुपए करेगी निवेश



**मुंबई।** दक्षिण कोरिया की वाहन विनिर्माता हुंडई मोटर कंपनी के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) जोस मुनोज ने कहा कि कंपनी की भारतीय इकाई वित्त वर्ष 2029-30 तक 45,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। कंपनी का लक्ष्य भारत को वैश्विक स्तर पर अपना दूसरा सबसे बड़ा क्षेत्र बनाना है।

# रिजर्व बैंक का स्वर्ण भंडार सितंबर तक 880 टन पार

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक का स्वर्ण भंडार वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही में 880 टन के स्तर को पार कर गया। इस भंडार में केंद्रीय बैंक ने सितंबर के अंतिम सप्ताह में 0.2 टन सोना जोड़ा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, 26 सितंबर, 2025 तक सोने का कुल मूल्य 95 अरब डॉलर था। बढ़ती वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच, हाल के महीनों में सुरक्षित निवेश माने जाने वाले सोने की मांग में वृद्धि हुई है। सितंबर में समाप्त छमाही में, रिजर्व बैंक ने 0.6 टन (600 किलोग्राम) सोना खरीदा। रिजर्व बैंक के नवीनतम बुलेटिन के अनुसार, सितंबर और जून में क्रमशः कुल 0.2 टन (200 किलोग्राम) और 0.4 टन (400 किलोग्राम) सोना खरीदा गया। रिजर्व बैंक के पास कुल स्वर्ण भंडार सितंबर के अंत तक बढ़कर 880.18 टन हो गया।

**DIRECTORATE OF AVIATION
GOVT. OF CHHATTISGARH
MANTRALAYA ATAL NAGAR NAVA RAIPUR (C.G.)**

PHONE NO. +91(0)771-2510172 CAPITAL COMPLEX, MANTRALAY
FAX NO. +91(0)771-2510172 NAVA RAIPUR (C.G.): 492002, INDIA
Ref. No. 846 /Dir/Avn./GoCG/2025 Date 17-10-2025

**CORRIGENDUM**

With reference to the Tender Notice published on 19/09/2025 inviting applications for engagement of "Freelance Pilots (Pilot & Co-Pilot)" for operation of Government of Chhattisgarh aircraft King Air B-200, it is hereby clarified that:

The terminology "Freelance Pilots" is not in conformity with the provisions of DGCA Civil Aviation Requirement (CAR), Section 3 Air Transport, Series 'C', Part III. As per Para 9.8, 9.9, and 9.10 of the said CAR, cross utilization of crew is permitted only under specific conditions and in compliance with DGCA requirements.

Accordingly, the corrected Expression of Interest (EOI) may be read as follows:

"Directorate of Aviation, Govt. of Chhattisgarh invites applications from eligible and qualified pilots (Captain and Co-Pilot), holding valid Indian licences and current endorsements, for engagement under the provisions of DGCA CAR relating to cross utilization of crew for operation of its official aircraft King Air B-200. The engagement shall be strictly as per DGCA regulations including Para 9.9 and 9.10 of Section 3 Air Transport, Series 'C', Part III, and subject to approvals/ permissions as applicable."

***Pilots should submit application along with their parent Firm/organisation's approval to authenticate their pilots for CROSS UTILISATION flying operation whenever required by this office.***

All other terms and conditions remain the same as before and the last date for submission of applications is fixed as 6.11.2025.

Director
Directorate of Aviation
Mantralaya, Nava Raipur (C.G.)

जी 252604309/2

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 2 (छत्तीसगढ़)**

ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना

दिनांक 17.10.2025

निम्नांकित कार्यों हेतु प्रथम ऑनलाईन निविदा "डी" श्रेणी एवं अधिक श्रेणी के ठेकेदारों हेतु आमंत्रित की जानी है।

| एन.आई.टी क्र/निविदा क्र. | कार्य का नाम | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|---|
| NIT NO. 245 Tender No. 177978 | बलौदाबाजार अनुविभाग अंतर्गत जिला न्यायालय परिसर बलौदा बाजार उप डाकघर के लिए भवन निर्माण कार्य। | प्रथम आमंत्रण 06.11.2025 | रू. 18.19 लाख |
| NIT NO. 246 Tender No. 177980 | भाटापारा अनुविभाग अंतर्गत अड़बंधा से करहुल मार्ग लंबाई 1.80 कि.मी. में पुल-पुलियां का निर्माण कार्य। | | रू. 191.24 लाख |
| NIT NO. 247 Tender No. 177982 | जिला धमतरी के लोक निर्माण विभाग, संभागीय कार्यालय परिसर धमतरी के प्रथम तल में स्टोर रुम, मिटिंग हॉल एवं संभागीय कार्यालय परिसर धमतरी में वाहन पार्किंग शेड निर्माण कार्य। | | रू. 29.45 लाख |
| NIT NO. 248 Tender No. 177986 | वर्षिक संधारण मद अंतर्गत उपसंभाग क्रमांक 1 गरियाबंद के विभिन्न मार्गो में बी.टी. पेंच मरम्मत कार्य। | तृतीय आमंत्रण 28.10.2025 | रू. 35.00 लाख |

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है। (राशि रू. 100.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पर निर्धारित प्रपत्र में शपथ-पत्र एवं न्यूनतम राशि रू. 10.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम पर एनेक्जर-3 का शपथ पत्र बिड केपेसीटी उपलब्धता बाबत जानकारी एवं अन्य जानकारी एनआईटी के 2.10 में संलग्न संशोधित प्रपत्रानुसार प्रस्तुत करें।)

निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेग, एवं निविदाकारो द्वारा प्रेषित मूल अभिलेख का लिफाफा में निविदाकारो का मोबाईल न. एवं इमेल आई.डी. का उल्लेख अनिवार्य रुप से करें।

Credible Chhattisgarh
विश्वसनीय छत्तीसगढ़
आपकी थी चाह, हमने बनाई राह

अधीक्षण अभियंता,
लो.नि.वि. रायपुर मण्डल क्र. 2 (छ.ग.)

जी. 252604307/5

**कार्यालय प्रमुख अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर, अटल नगर**

**(केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ) ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**
Main Portal: https: // eproc.cgstate.gov.in
निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| स. क्र. | सिस्टम निविदा क्रमांक/दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रुपये लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 177869 द्वितीय आमंत्रण 16.10.2025 | जिला बिलासपुर के तखतपुर-बरेला के मध्य मनियारी नदी पर उच्चस्तरीय जलमग्नीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 317.76 |
| 2 | 177870 द्वितीय आमंत्रण 16.10.2025 | अटल चौक पेण्ड्रीतालाब से कोटा लोरमी पंडरिया तक पहुंच मार्ग लंबाई 1.55 कि.मी. का निर्माण कार्य। | 256.64 |
| 3 | 177875 द्वितीय आमंत्रण 16.10.2025 | जिला बीजापुर के ब्लॉक- भोपालपटनम के अंतर्गत भोपालपटनम में 100 सीटर बालक छात्रावास भवन निर्माण कार्य, विद्युतिकरण सहित भवन निर्माण कार्य। | 268.48 |
| 4 | 177877 प्रथम आमंत्रण 16.10.2025 | 1) जिला जशपुर के एस.एच. 17 मुख्य मार्ग के ढोगाआम्बा जामचुंआ पहुंच मार्ग लं. 3.26 कि.मी. निर्माण कार्य। 2) जिला जशपुर के एस. एच. 17 कि.मी. 15/10 से घुईडांड मार्ग लं. 1.70 कि.मी. निर्माण कार्य। | 565.23 |
| 5 | 177879 द्वितीय आमंत्रण 16.10.2025 | जिला सूरजपुर के लांजित से सौहार मार्ग पर महान नदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 732.53 |
| 6 | 177884 द्वितीय आमंत्रण 16.10.2025 | करमा बरभांठा सरगाढोही मार्ग लंबाई 4.20 कि.मी. का निर्माण कार्य। | 457.36 |
| 7 | 177890 द्वितीय आमंत्रण 16.10.2025 | जमनीपाली से गजरा मार्ग लंबाई 6.00 कि.मी. (वास्तविक लंबाई 5.00) कि.मी. का निर्माण कार्य, जमा मद। | 208.58 |
| 8 | 177894 द्वितीय आमंत्रण 16.10.2025 | जिला कांकेर के भानुप्रतापदेव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 08 नग अतिरिक्त कक्ष का विद्युतिकरण सहित भवन निर्माण कार्य। | 212.57 |
| 9 | 177897 द्वितीय आमंत्रण 16.10.2025 | विकासखण्ड पोडीउपरोडा के मुडाभाठा से भदरापारा मुख्य मार्ग तक लंबाई 4.00 कि. मी. पुल पुलिया सहित निर्माण कार्य, जमा मद। | 425.37 |
| 10 | 177900 द्वितीय आमंत्रण 16.10.2025 | ओझायाईन से रामपुर पहुंच मार्ग लंबाई 8.00 कि.मी. (वास्तविक लंबाई 1.80 कि.मी.) का निर्माण कार्य, जमा मद। | 231.22 |
| 11 | 177901 द्वितीय आमंत्रण 16.10.2025 | विकासखण्ड पोडीउपरोडा के ग्राम पाथा से छिंदमेर गाढाघाट तक लंबाई 4.00 कि.मी. वास्तविक लंबाई 3.27 कि.मी. का निर्माण कार्य, जमा मद। | 304.84 |

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथी सं.क. 04 दिनांक 06.11.2025 निर्धारित है। एवं अन्य शेष निविदाओं के लिए दिनांक 03.11.2025 निर्धारित है। निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते है।

मुख्य अभियंता
केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ
कार्यालय प्रमुख अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर अटल नगर

जी 252604281/3

# 500 रुपए में लड़कियों, महिलाओं को 40 मिनट की रोजाना 'जिहाद' की ट्रेनिंग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जैश ए मोहम्मद अब अपने ब्रिगेड में ख्वातिनों यानी की महिलाओं की नियुक्ति बढ़ा दी है। एक न्यूज चैनल के हाथ दस्तावेज लगे हैं जिससे पता चलता है कि ये आतंकी संगठन बड़े पैमाने पर महिलाओं को जिहाद की ऑनलाइन ट्रेनिंग देना शुरू कर रहा है। जैश ए मोहम्मद महिलाओं से फंड इकट्ठा कर रहा है। इस कोर्स को 'तुफत अल मुमिनात' नाम दिया गया है। इससे पहले इस बात की जानकारी सामने आई थी कि संयुक्त राष्ट्र से प्रतिबंधित जैश-ए-मोहम्मद ने महिलाओं की नियुक्ति के लिए 'जमात-उल-मुमिनात' का गठन किया है।

**ऑपरेशन सिंदूर में शौहर गंवा चुकी मसूद अजहर की बहन कर रही लीड**

**इस कोर्स को दिया गया है 'तुफत अल मुमिनात' नाम**

*पाकिस्तान से धंधा चलाने वाला जैश-ए-मोहम्मद जिहाद का नया चूरन लेकर आया है। जैश-ए-मोहम्मद अब 500 रुपये में लड़कियों, महिलाओं को जिहाद की ट्रेनिंग दे रहा है। इसके लिए आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद ने नया कोर्स चलाया है। इस कोर्स को आतंकी मसूद अजहर की बहनें और उमर फारुक की बीवी लीड कर रही है। जिहाद के इस कोर्स में दाखिला लेने के लिए हर लड़की से 500 पाकिस्तानी रुपये लिए जाएंगे।*

### महिलाओं को टेरर फैक्ट्री में लाया अजहर

इस टेरर संगठन को मजबूत करने और इसकी महिला ब्रिगेड में और ज़्यादा महिलाओं की भर्ती के लिए आतंकियों ने अपने घर की औरतों को सामने लाया है। इसमें जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी शामिल है। इसके अलावा इसमें जैश के टेरर कमांडरों की महिला सदस्य शामिल हैं। ये महिलाएं जिहाद और मजहब की ट्रेनिंग देंगी। ऑनलाइन लाइव लेक्चर के ज़रिए भर्ती अभियान 8 नवंबर से शुरू होने वाला है। मसूद अज़हर की दो बहनें सादिया अजहर और समायरा अजहर, रोज़ाना 40 मिनट के ऑनलाइन मीटिंग प्लेटफ़ॉर्म के जरिए महिलाओं को जैश-ए-मोहम्मद की महिला ब्रिगेड जमात-उल-मुमिनात में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करेंगी।



### मसूद अजहर की छोटी बहन को मिला चार्ज

नए-नए जमात-उल-मुमीनत में मौलाना मसूद अजहर ने इस महिला ब्रिगेड की कमान अपनी छोटी बहन सादिया अजहर को सौंपी है। सादिया का पति आतंकी यूसुफ अजहर ऑपरेशन सिंदूर में मारा गया था। मसूद अजहर ने इस काम में अपनी छोटी बहन सफिया और उमर फ़ारूक़ की बीवी अफरीरा फ़ारूक़ को भी शामिल किया है, उमर फारूक ने पुलवामा आतंकी हमला किया था और बाद में भारतीय सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारा गया था।

### मसूद अजहर की जिहाद की नई कोर्स

आतंकी मसूद अजहर पाकिस्तान में फंड इकट्ठा करने के लिए जकात का प्रोग्राम शुरू कर दिया है और तेजी से इसमें लगा है। 27 सितंबर को अपने ताजा संबोधन में बहावलपुर में उसने मरकज उस्मान अली में जनता से दान की अपील की थी। अब जैश-ए-मोहम्मद महिलाओं को ट्रेनिंग देने वाले इस प्रोग्राम से पैसा जमा कर रहा है। इसके लिए हर महिला से 500 पाकिस्तानी रुपये लिए जा रहे हैं और उनसे ऑनलाइन फॉर्म भरवाया जा रहा है। इस महीने की शुरुआत में 8 अक्टूबर को मसूद अजहर ने जैश-ए-मोहम्मद की महिला ब्रिगेड जमात उल-मुमीनत के गठन की घोषणा की थी और 19 अक्टूबर को पाक अधिकृत कश्मीर के रावलकोट में महिलाओं को ग्रुप में शामिल करने के लिए 'दुख्तरिन-ए-इस्लाम' नाम का एक कार्यक्रम आयोजित किया था।

### लिट्टे की तर्ज पर फिदायीन दस्ता बनाने की कोशिश

सूत्रों के अनुसार चूंकि पाकिस्तान में कट्टरपंथी सामाजिक मानदंडों के अनुसार महिलाओं का अकेले बाहर जाना अनुचित माना जाता है, इसलिए जैश-ए-मोहम्मद अब महिलाओं की भर्ती के लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का उपयोग कर रहा है ताकि वह आईएसआईएस, हमास और एलटीटीई की तर्ज पर अपने पुरुष आतंकवादी ब्रिगेड के साथ-साथ महिला आतंकवादी ब्रिगेड का गठन कर सके और संभवतः उनका इस्तेमाल आत्मघाती/फिदायीन हमलों के लिए कर सके।

# ताज में पालथी मारकर खाना गुनाह!

एजेंसी ▶▶| मुंबई

मुंबई का प्रसिद्ध ताज होटल विवादों में आ गया है। दरअसल योरस्टोरी की फाउंडर और सीईओ श्रद्धा शर्मा ने ताज होटल के अधिकारियों पर उनके फाइन डाइनिंग रेस्टोरेंट हाउस ऑफ मिंग में पद्मासन (पालथी) में बैठने पर उन्हें अपमानित करने के आरोप लगाए हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में एक वीडियो के साथ जानकारी देते हुए शर्मा ने बताया कि उनके साथ यह वाक्या तब घटा जब वे दिवाली के दौरान अपनी बहन के साथ हाउस ऑफ मिंग में डिनर करने गई थीं।

**महिला ने कहा- ताज ने निराश कर दिया:** मामले पर नाराज शर्मा ने कहा, 'मैं कोल्हापुरी चप्पल पहनती हूँ, वो मैंने अपनी मेहनत से खरीदा है और यहां आई हूं। लेकिन यहां आकर स्टाफ का ये कहना कि आप पैर नीचे कर बैठो पूरी तरह से गलत है।' उन्होंने कहा कि वह उद्योगपति रतन टाटा का बहुत सम्मान करती हैं, लेकिन इस घटना ने उन्हें ताज से निराश कर दिया।

**मैनेजर ने सीईओ से कहा 'आपसे अमीरों को आपत्ति'**



**'अंग्रेज चले गए,अंग्रेजियत छोड़ गए'** : एक एक्स हैंडल यूजर ने लिखा, 'अब ताज होटल में खाने के दौरान स्टाफ बताएंगे कि कैसे बैठना है। पैसा देकर लोग आराम से अपने हिसाब से बैठकर खा भी नहीं सकता है! अंग्रेज़ चले गए,अंग्रेजियत ठूस ठूस कर चले गए.' एक दूसरे यूजर ने कहा- बैठने का भी कोई रुल है क्या इस देश में?

### चप्पल को लेकर भी अपमान

शर्मा ने बताया कि वे पालथी मारकर बैठीं थी और अचानक मैनेजर ने आकर कहा कि यहां एक गेस्ट को आपसे समस्या है। इतना ही नहीं, मैनेजर ने शर्मा के कपड़ों पारंपरिक सलवार कमीज और फुटवियर कोल्हापुरी चप्पल के चुनाव को लेकर भी अपमानित किया। मैनेजर ने उनसे कहा कि यह फाइन डाइनिंग है और यहां बहुत से अमीर लोग आते हैं। इसलिए, आपको सही तरीके से बैठना चाहिए और क्लोज्ड शू पहनना चाहिए।

### जमीन पर पत्नी का शव फंदे पर लटका मिला पति

**मगरलोड।** थाना मगरलोड अंतर्गत पुलिस चौकी करेलीबड़ी क्षेत्र के ग्राम हरदी में पत्नी की हत्या एवं उसके पति द्वारा आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंचकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की है। 20 अक्टूबर की रात लगभग 11 बजे, ग्राम हरदी निवासी लक्ष्मी यादव (20) अपने पति हितेश यादव (22) के साथ अपने घर के कमरे में सोने गई थी। अगली सुबह 21अक्टूबर को लगभग 7 बजे जब दोनों दरवाजा नहीं खोल रहे थे, तो जेठ गितेश्वर यादव ने आवाज लगाई और अंदर से कोई प्रतिक्रिया न मिलने पर सीढ़ी लगाकर कमरे के वेंटिलेशन से झांका। अंदर देखा तो लक्ष्मी यादव का शव जमीन पर पड़ा हुआ था तथा पति हितेश यादव फांसी के फंदे पर झूल रहा था। परिजनों द्वारा तुरंत दरवाजा खोलकर पति को नीचे उतारा गया। तब तक दोनों की मृत्यु हो चुकी थी। सूचना पर पुलिस चौकी करेलीबड़ी की टीम एवं एफएसएल की टीम तत्काल मौके पर पहुंचकर मर्ग कायम कर विवेचना की कार्रवाई की है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### भगोड़े मेहुल को ...

वह एक राजनीतिक हस्तक्षेप का शिकार हो सकता है। इसने कहा कि यह संबंधित पक्ष पर निर्भर है कि वह इस बात पर विश्वास करने के लिए पर्याप्त साक्ष्य प्रदान करे कि प्रत्यर्पण के बाद दुर्व्यवहार का वास्तविक जोखिम है। चोकसी द्वारा दी गई इन दलीलों को खारिज करते हुए कि भारत में प्रत्यर्पित किए जाने पर मामले में निष्पक्ष सुनवाई नहीं हो सकती है, अपील अदालत ने माना कि उसके द्वारा प्रदान किए गए दस्तावेज इसे 'ठोस रूप से' साबित करने के लिए अपर्याप्त हैं। अदालत ने चोकसी के इस दावे को भी स्वीकार नहीं किया कि उसे भारतीय एजेंसियों द्वारा एंटीगुआ और बारबुडा से अगवा कर लिया गया था और डोमिनिका में प्रताड़ित किया गया था। अदालत ने कहा कि भगोड़े व्यवसायी द्वारा प्रस्तुत रिकॉर्ड इस बात का 'निर्णायक संकेत' नहीं देते हैं कि वह एंटीगुआ में भारतीय अधिकारियों के इशारे पर अपहरण का शिकार हुआ था। मामले की जानकारी रखने वाले अधिकारियों ने बताया कि अपील अदालत ने माना है कि भारत के अनुरोध पर बेल्जियम के अधिकारियों द्वारा चोकसी की गिरफ्तारी वैध थी। उन्होंने कहा कि यह आदेश चोकसी के प्रत्यर्पण की मांग करने वाले भारत के पक्ष में अहम है। हालांकि, चोकसी के पास बेल्जियम के उच्चतम न्यायालय में फैसले के खिलाफ अपील करने का विकल्प है।

### इधर, कोर्ट को सौंपी...

कैंपस है, जहां 26/11 आतंकी अजमल कसाब को भी रखा गया था। बैरक में दो कमरे हैं। इनमें अटैच टायलेट-बाथरूम हैं। चोकसी को मेडिकल और पेशी के लिए जेल परिसर से बाहर जाने की अनुमति होगी। उनकी हिरासत न्यायिक निगरानी में होगी, ना कि किसी जांच एजेंसी के पास।

### इसरो के शिल्पकार ...

उन्हें दिल का दौरा पड़ा। पद्म भूषण से सम्मानित डॉ. चिटनिस ने भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष अनुसंधान समिति के शुरुआती वर्षों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जो बाद में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन में परिवर्तित हुआ। डॉ. चिटनिस ने केरल के थुंबा में भारत के पहले रॉकेट प्रक्षेपण के लिए स्थल के चयन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। वर्ष 1981 से 1985 तक डॉ. चिटनिस ने अहमदाबाद स्थित इसरो के अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र के दूसरे निदेशक के रूप में कार्य किया। डॉ. चिटनिस भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम के जनक डॉ. विक्रम साराभाई के अंतिम जीवित सहयोगियों में से एक थे। उन्हें पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम का मार्गदर्शन करने का श्रेय भी दिया जाता है। डॉ. चिटनिस के परिवार में उनके पुत्र डॉ. चेतन चिटनिस, पुत्रवधू अमिका और पोतियां तारिणी व चांदिनी हैं।

वे केरल के थुम्बा में भारत के पहले रॉकेट लॉन्च स्थल को चुनने में भी मुख्य भूमिका निभाई। थुम्बा आज भी भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम का महत्वपूर्ण केंद्र है। 1960 के दशक में जब भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम शुरू हो रहा था, तब डॉ. चिटनिस ने वहां की जमीन का चयन किया, जहां से भारत के पहले रॉकेट उड़े। यह स्थल समुद्र के किनारे है, जो रॉकेट लॉन्च के लिए बहुत सुरक्षित था।

1981 से 1985 तक डॉ. चिटनिस इसरो के स्पेस एप्लीकेशंस सेंटर (एसएसी) के दूसरे निदेशक रहे। यह केंद्र अहमदाबाद में है। यहां वे उपग्रहों और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी पर काम करते थे। उनके नेतृत्व में कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं शुरू हुईं, जो आज भी भारत के विकास में मदद कर रही हैं।

**डॉ. कलाम के मार्गदर्शक-**

एक और रोचक बात यह है कि डॉ. चिटनिस ने युवा वैज्ञानिक डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम को मार्गदर्शन दिया। डॉ. कलाम बाद में भारत के राष्ट्रपति बने और उन्हें मिसाइल मैन कहा गया। डॉ. चिटनिस ने डॉ. कलाम को शुरुआती दिनों में सलाह दी और उन्हें प्रेरित किया।

**डॉ. विक्रम साराभाई के साथ सहयोग-**

डॉ. चिटनिस डॉ. विक्रम साराभाई के अंतिम जीवित सहयोगियों में से एक थे। डॉ. विक्रम साराभाई को भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम का पिता कहा जाता है। उन्होंने 1960 के दशक में इसरो की नींव रखी। डॉ. चिटनिस ने उनके साथ मिलकर भारत को अंतरिक्ष क्षेत्र में मजबूत बनाया। डॉ. साराभाई के निधन के बाद भी डॉ. चिटनिस ने उनके सपनों को आगे बढ़ाया।

### सम्मान और विरासत...

में काम करते हैं। परिवार ने बताया कि अंतिम संस्कार अहमदाबाद में ही किया जाएगा। डॉ. चिटनिस का जीवन भारत के अंतरिक्ष सफर की कहानी है। उन्होंने साबित किया कि कड़ी मेहनत और समर्पण से बड़े सपने पूरे किए जा सकते हैं। उनकी यादें हमेशा इसरो के इतिहास में जीवित रहेंगी।

### नक्सलियों ने किया 24 ...

सुकमा जिले के कर्रेगट्टा, झारखण्ड के पश्चिम सिंहभूमी व ओडिशा राज्य में आगामी 5 महीनों में चलाये जा रहे अभियान को रोकने की मांग को लेकर देशव्यापी आंदोलन व मुठभेड़ के विरोध में किया है। जारी प्रेसनोट में बीते 22 महीनों में देशभर में संगठन के लगभग 7 सौ साथियों की हत्या करने का आरोप लगाया है।

### बोरे में 40 हजार ...

जानकारी हुई तो उन्होंने न केवल किसान परिवार का सम्मानपूर्वक स्वागत किया बल्कि अपने स्टाफ को उन सिक्कों की गिनती में लगा दिया। बड़े स्नेह और आदर के साथ उन्होंने किसान की इच्छा पूरी करते हुए उसे होंडा एक्टिवा की चाबी सौंपी। शोरूम में चल रहे ऑफर के तहत किसान परिवार को उपहार स्वरूप मिक्सर ग्राइंडर भी भेंट किया गया। यह वाक्या दर्शाता है कि मेहनत, उम्मीद और सच्चे सपनों के आगे कोई बाधा बड़ी नहीं होती। देवनारायण होंडा परिवार को भी गर्व है कि उसने किसान परिवार के इस सपने को साकार करने में भूमिका निभाई।

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

सभी प्रकार की एलर्जी डेंटल सुविधा भी उपलब्ध..
• जैसे नाक • कान • गला • आंख • श्वास की (अस्थमा) • त्वचा
छाती रोग- • अस्थमा • सी.पी.ओ.डी. • फेफड़े सिकुड़ना
• पानी भरना • न्यूमोनिया • स्वाइन फ्लू • मोटापे • खर्राटे • छाती दर्द
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल
Vrinda Multispeciality Hospital Chest & Allergy Centre
वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
अवंति बाई चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क: 8962566221, 07714916125, 7223065604

मोतियाबिंद आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
अष्टविनायक हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड/राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, फोन : 0771- 4060929, मो. 7389485756

डॉ.वाशानी दर-दाँत (गम पेंट)
बायो-डेंट गम पेंट, मुंह के छाले, दांत दर्द और जलन में लाभकारी यह आर्युवेदिक दवा है, यह हर्बल दवा 100 प्रतिशत सुरक्षित है
HMS देखकर खरीदें 94060-21769
असली केंदवा मलहम
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100

## आवश्यकता है

**आवश्यकता है-** जयपाल टॉवर-॥ अग्रसेन चौक, मगरपारा रोड सोसाइटी में योग्य, अनुभवी चौकीदार की आवश्यकता है वेतन 7500 मकान उपलब्ध है। सम्पर्क करें- आर्या कंस्ट्रक्शन शॉप नं.- 8 जयपाल टॉवर बिलासपुर 8103002273, 87999 40437 **(38931)**

**आवश्यकता है-** घर मे खाना बनाने के लिए पुरुष/ महिला एवं छोटे बच्चे की देखभाल के लिए महिला की आवश्यकता है सम्पर्क करें- पी. पुरी मित्र विहार लिंक रोड बिलासपुर 9340969592, 78288 03577 **(38932)**

**आवश्यकता है-** सीसीटीवी कैमरा की वायरिंग एवं फिटिंग के लिए युवकों एवं एक चौकीदार चाहिए अनुभवी को प्राथमिकता सम्पर्क करें- पारस इंटरप्राइजेज GF-26, अम्बे अंजनी ई प्लाजा, सीएमडी कॉलेज चौक, बिलासपुर 9826598526, 98932 81946 **(38923)**

**आवश्यकता है-** हार्डवेयर, विनियर शोरूम में सेल्सगर्ल (काउंटर, बिलिंग कार्य हेतु) मेहनती कार्य करने हेतु 10वीं पास व्यक्तियों की आवश्यकता है बायोडाटा सहित सम्पर्क करें- सरस्वती ट्रेडिंग एजेन्सी पुराना हाईकोर्ट के सामने **(38933)**

**आवश्यकता है-** सिविल साइट सुपरवाइजर, इंजीनियर (autocad, structural knowledge साइट चलाने योग्य) एवं ऑफिस, साइड वर्क, रजिस्ट्री राजस्व विभाग डायवर्सन नामांतरण नगर निगम संबंधी कार्य हेतु अनुभवी मैनेजर चाहिए सम्पर्क- 97707 70000, 9827072000 **(38934)**

**आवश्यकता है-** बम्पर भर्ती Ordeal कम्पनी में 60 लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है आय 8500 से 22000 रहना खाना, परमानेंट जॉब पता- उस्लापुर ओवर ब्रिज के पास दीपसागर नगर बिलासपुर 8003402269, 6393559091 **(38870)**

**आवश्यकता है-** आफिस कार्य हेतु रिसेप्शनिस्ट लड़की एवं सेल्स कार्य हेतु लड़कों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- डिजिटल सिक्योरिटी सर्विस सुपर मार्केट थर्ड फ्लोर अग्रसेन चौक बिलासपुर 9009966619, 9669932199 **(38927)**

**आवश्यकता है-** नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घरबैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें:- 9241054300 **(590)**

**आवश्यकता है-** ऑफिस में कार्य हेतु 18 से 30वर्ष की युवतियों एवं महिलाओं की आवश्यकता है सैलरी 5000 से 20000 कमाने का अवसर प्राप्त करें संपर्क : -श्रीराम केयर हॉस्पिटल के पीछे गीतांजलि विहार बिलासपुर- 62683 31784 ,7987392821 **(330)**

**छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ**

**आवश्यकता है-** राइस मिल चलाने के लिए मिस्त्री की आवश्यकता है सम्पर्क करें- श्री कृष्णा उद्योग सिरगिट्टी बिलासपुर 8770255903 **(38935)**

## बेचना

**बेचना है-** उषालता काम्पलेक्स में किम्स हॉस्पिटल के सामने मगरपारा रोड में फर्स्ट (1st) फ्लोर में फ्रंट साइड की दुकान 450 वर्गफुट बेचना है सम्पर्क करें- 8964980000, 9826681000 **(38924)**

**बेचना है-** गुलाब नगर मोपका के अन्दर 7485 वर्गफुट का डायवर्टेड प्लॉट एक मुश्त बेचना है सम्पर्क करें- 9827896182, 9827955199 **(38929)**

**बेचना है-** प्राइम लोकेशन मोपका सेन्दरी बाईपास बैमा नगोई चौक वैष्णव देवी मन्दिर के पास 3 एकड़ भूमि बेचना है कॉलोनी, शादी भवन, इन्वेस्टमेंट के लिए उपयुक्त सम्पर्क करें- 9300353688 **(38926)**

**बेचना है-**परसदा (सकरी) कोटा मोड़ दीनदयाल हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी से लगे सर्व सुविधायुक्त 2BHK मकान 25लाख एवं 3BHK मकान 27लाख में उपलब्ध हैं। बुकिंग कराने हेतु सम्पर्क करें- 98842 61185, 9827404638 **(38838)**

**बेचना है -** यदुनंदन नगर तिफरा में पूर्व मुखी लाल ईट से बना डबल स्टोरी न्यू 3BHK मकान फालसीलिंग मॉड्यूलर किचन, स्टील रेलिंग, सीसी रोड, सागौन दरवाजा, कामन बोर, कीमत 40लाख सम्पर्क- 7987166040 **(38925)**

**बेचना है-**मोपका (चिल्हाटी) LIC city (साईं विहार कॉलोनी) में TNC रेरा एप्रूव्ड, रेडी पोजीशन में 3BHK मकान 44 लाख में उपलब्ध है बुकिंग कराने हेतु सम्पर्क करें- 9827404638, 90391 04638 **(38839)**

**Advertisement Booking Time 10.30 AM to 4.00 PM**

**बेचना है -** बिलासपुर में प्राइम लोकेशन महाराणा प्रताप चौक साईं बाबा हॉस्पिटल के पास 2BHK स्वतन्त्र मकान बेचना है फाइनेंस सुविधा उपलब्ध सम्पर्क करें- 6265041277, 8461997770 **(325)**

**बेचना है-**मंगला लोखंडी मुख्य मार्ग पर पूर्ण विकसित आवासीय प्लाट, बाउंड्रीवॉल, सीसी रोड, मन्दिर, नाली, बैंक फाइनेन्स सुविधा। मात्र 899/- प्रति वर्गफीट में दीपावली तक बुकिंग पर रजिस्ट्री फ्री सम्पर्क- 9713666001 **(38858)**

## व्यापार

**व्यापार-**जुड़िये ऐसे आकर्षक व्यवसाय से जो बिना रिस्क आपको घर बैठे दें सकता है 30000- 50000 प्रति माह आमदनी, जिसमे ऑटोमैटिक मशीन द्वारा डिस्पोजल दोना पत्तल, प्लेट्स बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का अनुबंध पेशेवर प्रशिक्षण सहित सम्पर्क करें-APS इंटरप्राइजेस रायपुर-9111760925, 99776 76447, बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़, अंबिकापुर-88278 48099 **(302)**

**सूचना**
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

**हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें**
- जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल कामलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
- जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230
- शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:- मो. 9993567380, 8770837744
- एड प्रयास:- मो. 9826701269, 9926003943
- श्यामनानी एडवरटाईजर्स:- मो. 9827168452, 9300625174
- रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स & पब्लिसिटी:- मो. 9826129386, 8319503386
- जे.जे. एडवरटाइजर्स:- मो. 9300659628
- भार्गव एडवरटाइजर्स:- मो. 9827167997
- श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:- मो. 9826705603
- एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:- मो. 9827180896, 9131155033
- रौनक पब्लिसिटी:- मो. 9300328290, 9981658490
- श्री श्याम पब्लिसिटी:- मो. 9425540759
- अमित पब्लिकेशन:- मो. 9826304304, 9827124304
- विप्रा विज्ञापन सेवा:- मो. 9302462506
- माधवास & कम्पनी:- मो. 9977185123, 9893115084
- बालाजी एडवरटाइजर्स:- मो. 9827466133, 9907047586





## रोचक खबरें

## 4 फीट की महिला का 6 फीट का दूल्हा लोग बोले- बच्ची से क्यों की शादी



**न्यूयार्क।** सोशल मीडिया पर हमें अक्सर ऐसे वीडियो और कहानियां देखने को मिलती हैं जो लोगों की सोच से बिल्कुल अलग होती हैं। कुछ कहानियां प्यार और रिश्तों के बारे में होती हैं, जो यह साबित करती हैं कि प्यार में रूप-रंग, उम्र या कद कुछ भी मायने नहीं रखता। ऐसी ही एक कहानी आजकल अमेरिका के एक कपल की वायरल हो रही है, जिनकी लंबाई में इतना बड़ा अंतर है कि लोग उन्हें देखकर अजीब कमेंट्स कर रहे हैं। कोई बौना कहता है तो कोई कहता है कि बच्ची से शादी क्यों कर ली? इस कपल का नाम टिफनी और ऑस्टिन है, जो अमेरिका के रहने वाले हैं। टिफनी और ऑस्टिन की लंबाई में बहुत अंतर है। टिफनी जहां सिर्फ 4 फीट है, तो उनके पति ऑस्टिन 6 फीट से भी ज्यादा लंबे हैं।लंबाई के मुताबिक, टिफनी को मेडिकल भाषा में 'बौनी'माना जाता है, लेकिन वह खुद को 'लिटिल पर्सन'कहलाना पसंद करती हैं। बता दें कि यह कपल 11 सालों से एक-दूसरे को जानता है। लेकिन, सोशल मीडिया पर लोग उन्हें देखकर ताना मारते हैं कि 'लड़का एक बच्ची को डेट कर रहा है'। साथ ही कुछ लोग इनकी जोड़ी को गैरकानूनी बतलाते हैं। इन सब बातों के बावजूद यह कपल अपनी जिंदगी के खास पलों को सोशल मीडिया पर शेयर करता रहता है। इसमें वे अपने रिश्ते में होने वाले हाइट डिफरेंस के मजेदार पहलुओं को दिखाते हैं। टिफनी ने एक वीडियो में बताया कि उनकी शारीरिक स्थिति के बावजूद वह एक सामान्य कद-काठी वाले बच्चे को जन्म दे सकती हैं।

## चैटजीपीटी ने यूं पलट दी किस्मत! महिला एक झटके में बन गई करोड़पति

**न्यूयार्क।** मिलिए अमेरिका के वर्जीनिया की कैरी एडवड्र्स से, जिन्होंने चैटजीपीटी से मजाक-मजाक में लॉटरी के नंबर पूछे, और फिर जो हुआ उसके बारे में जानकर हर कोई दंग रह गया है। एआी चैटबॉट ने कैरी की किस्मत खोल दी। उन्होंने हाल ही में वर्जीनिया लॉटरी पावरबॉल ड्रॉ में भाग लिया और चैटजीपीटी द्वारा चुने गए नंबरों ने उन्हें एक झटके में करोड़पति बना दिया। साउथ फ्लोरिडा मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, 8 सितंबर को कैरी ने एक लॉटरी खेला, जिसमें चुने गए नंबरों ने उन्हें 50,000 डॉलर (यानी 44 लाख से ज्यादा) का इनाम दिलाया। महिला ने 1 डॉलर खर्च करके पावर प्ले ऑप्शन भी लिया था, और किस्मत का खेल देखिए इनाम तीन गुना होकर 150,000 डॉलर (यानी 1.32 करोड़ रुपए से ज्यादा) हो गया। कैरी को लगा कि कोई उनके साथ प्रैंक कर रहा है, पर जब सच्चाई सामने आई तो यह उनकी जिंदगी का सबसे बड़ा सरप्राइज बन गया। जहां लोग इतनी बड़ी रकम जीतने के बाद गाड़ी, बंगला और पार्टी एन्जॉय करने में पैसे उड़ाते हैं, कैरी ने एक ऐसा फैसला किया, जिसने सबकी सोच बदल दी। उन्होंने अपनी जीती हुई सारी राशि डोनेट करने का ऐलान किया। कैरी का कहना है कि यह उनके लिए एक ईश्वरीय वरदान है, और वह इन पैसों को समाज की भलाई में लगाएंगी। कैरी इनाम के पैसों को तीन संस्थाओं को डोनेट करेंगी। पहली संस्था जो उनके पति की बीमारी पर रिसर्च करती है। दूसरा, जो जरूरतमंदों को खाना मुहैया कराती है। तीसरी संस्था जो सेना के जवानों और उनके परिवारों की मदद करती है। महिला का कहना है कि जैसे ही उसे पता चला कि उसने लॉटरी में बड़ी रकम जीत ली है, तभी उसने तय कर लिया था कि वह इसे अपने पास नहीं रखेगी।



# अब जेनेटिक्स नहीं, संस्कृति तय करेगी इंसानी सभ्यता का भविष्य

न्यूयार्क। मेन विश्वविद्यालय के एक नए शोध के अनुसार, अब हमारा विकास केवल जेनेटिक्स पर ही नहीं, बल्कि संस्कृति भी इसमें एक बड़ी भूमिका निभा रही है। इस शोध में बताया गया है कि सांस्कृतिक विकास की गति जेनेटिक्स की तुलना में बहुत तेज है और यह हमारे भविष्य को एक नया आकार दे रही है। यह शोध बायोसाइंस नामक पत्रिका में प्रकाशित हुआ है। मेन विश्वविद्यालय में प्रोफेसर टिम वारिंग ने कहा, मानव विकास की गति अब बदल रही है। उन्होंने अपने साथियों के साथ मिलकर बताया कि सदियों से इंसान जेनेटिक बदलावों से ही विकसित हुआ है।

### शोधकर्ता ने इस पर क्या राय दी?

वारिंग बताते हैं कि, सांस्कृतिक संगठन



समूहों को अधिक सहयोगी और प्रभावी बनाता है और समय के साथ समाजों के अनुकूलन की तरफ इशारा करता है। कृषि के शुरुआती दिनों से लेकर टीकों के आविष्कार तक इंसानों ने जिंदा रहने की क्षमता बढ़ाने के लिए लगातार सांस्कतिक प्रगति का फायदा उठाया. इसके उलट, आनुवंशिक विकास बहुत धीमी गति से होता है और इंसान के समाय पर इसका प्रभाव देर से पड़ता है।

### वैज्ञानिकों की नई खोज...



### क्या इंसान एक सुपरऑर्गेनिज्म बन रहा है?

इससे एक सुपरऑर्गेनिज्म की तरह विकसित हो सकता है, हालांकि यह कोई नया विचार नहीं है। चींटियां और दीमक जैसे सामाजिक जीव पहले से ही यह दिखाते हैं कि कैसे कई जीव मिलकर एक बड़े और जटिल तंत्र की तरह काम कर सकते हैं। वैज्ञानिक कई दशकों से इस सिद्धांत पर शोध कर रहे हैं, खासकर जिस तरह के इंसानों में आपसी सहयोग और वैश्विक संबंध लगातार बढ़ रहे हैं।

### क्या इससे लोगों में सुधार हुआ है?

इस सवाल के जवाब में वारिंग ने कहा, सांस्कृतिक बदलाव जेनेटिक्स बदलावों से बहुत तेज होते हैं और हमारी प्रजाति के भविष्य पर गहरा असर डाल सकते हैं। तकनीक और सामाजिक विकास ने समस्याओं को बहुत तेजी से हल किया है। चिकित्सा, साफ-सफाई और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में हुई तरक्की से लोगों की जीवन प्रत्याशा और जीवन की गुणवत्ता में काफी सुधार हुआ है।

### क्या कहता है ये सिद्धांत?

इस थ्योरी के मुताबिक, इंसान का भविष्य इस बात पर निर्भर नहीं करेगा कि कौन Genetic तौप पर सबसे बेहतर है या कौन जैविक रूप से सबसे मजबूत है। इसके बजाय, यह उन समाजों के जीवित रहने और सफल होने के बारे में होगा जो सबसे बेहतर तरीके से बदल सकते हैं और वैश्विक चुनौतियों का सामना कर सकते हैं। प्रोफेसर वारिंग और उनके साथी इस पर और शोध करते रहेंगे जिससे एक प्रजाति के रूप में हमारे विकास को लेकर हमारी समझ में बड़ा बदलाव आ सकता है।

## आपस में टकराने जा रहे हैं ये 2 चमकीले तारे, महाविस्फोट से दहल जाएगा अंतरिक्ष

**वॉशिंगटन।** आसमान में तारों की दुनिया भी बहुत रहस्यमयी है। पृथ्वी से लाखों-करोड़ों किमी दूर इन तारों का अपना ही एक अलग संसार हैं। बाकी पृथ्वी से आकार में कई गुना बड़े होने के बावजूद ये तारी भी किसी जीव की तरह जन्म लेते हैं और फिर अपना समय पूरा कर मौत की नींद सो जाते हैं। खगोल वैज्ञानिकों ने अंतरिक्ष में ऐसे ही दो तारों की खोज की है, जो जल्द ही मरने जा रहे हैं। यह दुर्लभ खगोलीय नजारा जल्द ही नजर आएगा और लोग पहली बार दिन के उजाले में तारों को मरते हुए देख सकेंगे। स्टडी से जुड़े साउथहैंप्टन यूनिवर्सिटी के रिसर्चर फिल चार्ल्स ने बताया, वी सैजिटे कोई साधारण तारा नहीं है। यह अपनी तरह का सबसे चमकीला तारा है। इसे 1902 में पहली बार देखा गया था। तब से यह वैज्ञानिकों के लिए रहस्य बना हुआ है।



### एक-दूसरे के साथ बैले डांस कर रहे हैं तारे

खगोल वैज्ञानिकों के मुताबिक, धीरे-धीरे अपनी मौत मर रहे तारे का नाम वी सैजिटे है, जो पृथ्वी से करीब 10,000 प्रकाश वर्ष दूर है। यह एक सफेद बौना तारा है, जो अपने साथी तारे का पदार्थ चुराकर एक शानदार भोज का आनंद ले रहा है। ये दोनों तारे हर 12.3 घंटे में एक-दूसरे के चारों ओर चक्कर लगा रहे हैं। ऐसा करके वे धीरे-धीरे करीब आते जा रहे हैं। वैज्ञानिकों ने इस नजारे को अंतरिक्ष का नृत्य यानी बैले डांस बताया है। मरते तारों पर यह खोज नोटिसेस ऑफ द रॉयल एस्ट्रोनॉमिकल सोसाइटी में प्रकाशित हुई है। इस रिसर्च को करने में दुनियाभर के कई ऐस्ट्रोनेट्स अपना योगदान दिया है।

## बिहार के इस गांव में कोई नहीं खाता प्याज-लहसुन


**जहानाबाद।** बिहार में ऐसे कई गांव है, जो अपनी अनोखी परंपरा को लेकर प्रसिद्ध है। उन्हीं गांवों में से एक है, त्रिलोकी बिगहा गांव. जहानाबाद जिला मुख्यालय से तकरीबन 20 किमी दूर बसे इस गांव के लोग प्याज-लहसुन नहीं खाते हैं। यहां के हर व्यक्ति (युवा, बच्चा, बुजुर्ग) इस नियम का पालन करते हैं। बुजुर्गों का कहना है कि यहां के लोग वर्षों से मांस-मछली और शराब को हाथ नहीं लगाते हैं। यदि ऐसा होता है तो उसके साथ में कुछ अनहोनी हो जाती है। यही वजह है कि आज तक यहां बसे लोग न ही प्याज-लहसुन, न मांस मछली और न ही शराब को हाथ लगाते हैं। जहानाबाद के घोसी प्रखंड स्थित त्रिलोकी बिगहा गांव भूतही नदी के किनारे बसा हुआ है। यहां की बहुतायत आबादी यादव समाज की है।






## नवरत्न ने पेंसिल की लकड़ी पर बनाई 2 मिमी की चम्मच

जयपुर। राजस्थान की राजधानी जयपुर अपनी बारीक मिनिएचर कला के लिए दुनियाभर में मशहूर है। यहां के कलाकार ऐसी छोटी-छोटी चीजें बनाते हैं, जिन्हें देखकर हर कोई हैरान रह जाता है।जयपुर के मूर्तिकार और मिनिएचर आर्टिस्ट नवरत्न प्रजापति ने पेंसिल की लकड़ी से दुनिया की सबसे छोटी चम्मच बनाकर इतिहास रच दिया. इस 2 मिलीमीटर की चम्मच ने उनका नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड और ग्लोबल वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज करवाया है। इतनी छोटी चम्मच को देखने के लिए सूक्ष्मदर्शी (माइक्रोस्कोप) का इस्तेमाल करना पड़ता है।यह चम्मच इतनी बारीक है कि एक चींटी भी इसके सामने बड़ी दिखती है। नवरत्न प्रजापति ने बताया कि इस चम्मच को बनाने में उन्होंने पेंसिल की लकड़ी का इस्तेमाल किया है। बारीक काम के लिए ढेर सारी रोशनी चाहिए होती है, इसलिए सूरज की रोशनी में बैठकर इसे बनाया। नवरत्न ने बताया कि चम्मच को इतना बारीक बनाया गया है कि यह बिल्कुल असली चम्मच जैसी दिखती है। इसे देखने के लिए पेन की निब पर रखकर माइक्रोस्कोप से देखा जा सकता है।



### बनाते समय दो बार खो गई थी चम्मच

नवरत्न ने बताया कि वैसे तो पेंसिल की नोंक पर तमाम महापुरुषों की मूर्तियां बनाई है, लेकिन चम्मच में बारिकी का न होते हुए भी इसमें बड़ी मेहनत लगी है। इस चम्मच बनाना आसान नहीं था। यह इतनी छोटी थी कि इसे बनाते समय दो बार खो गई और ढूंढने में काफी समय लगा। पेंसिल की नोंक या लकड़ी से बनी चीजें अक्सर टूट भी जाती हैं, इसलिए बहुत सावधानी से काम करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि यह चम्मच सिर्फ दिखाने के लिए है, इसका इस्तेमाल नहीं हो सकता। यह इतनी छोटी है कि इसमें रंग करना या कोई डिजाइन बनाना मुमकिन नहीं था, इसलिए इसे सादा ही रखा।

## शख्स ने 20 साल बाद बनाई दाढ़ी, देखकर लोगों के उड़े होश

**नई दिल्ली।** आज कल को दाढ़ी रखना पसंद करते हैं। दाढ़ी की अलग-अलग स्टाइल भी हैं। इन्हें लोग अपने चेहरे के हिसाब सेट कराते हैं। एक शख्स ने 20 साल तक अपनी दाढ़ी नहीं बनाई थी।






हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादकः प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com